जमशेदपुर
12 अप्रैल 2020
संवत् 2077 वैशाख कृष्ण पक्ष 4 रविवार
हिजरी -1439-40
पोस्टल रजि.नं.-Singhbhum/20/2020-2022
पृष्ठ -12

झारखंड का अपना अखबार

जमशेदपुर और धनबाद से एक साथ प्रकाशित

प्रकाशन का 24 वाँ वर्ष

# चमकता आईना

मूल्य 2 रुपये

# लॉकडाउन 2 सप्ताह बढ़ने के आसार

## घोषणा का इंतजार

## मोदी ने मुख्यमंत्रियों से कहा- जान भी और जहान भी, दोनों बचाना जरूरी

- **केजरीवाल का दावा- पीएम लॉकडाउन बढ़ाने का फैसला ले चुके हैं**
- **अभी चल रहा लॉकडाउन 14 अप्रैल को खत्म होगा, 2 हफ्ते इसे बढ़ाया गया तो यह 30 अप्रैल तक चलेगा**
- **करीब 78 करोड़ की आबादी वाली 13 राज्य सरकारें लॉकडाउन बढ़ाने के पक्ष में**
- **पंजाब, ओडिशा, महाराष्ट्र और बंगाल सरकार ने लॉकडाउन 30 अप्रैल तक बढाया, बंगाल में 10 जून तक शैक्षणिक संस्थान बंद**

**नई दिल्ली, 11 अप्रैल (इएमएस):** सरकार देशभर में लॉकडाउन को दो हफ्ते के लिए बढ़ाने जा रही है। बस औपचारिक घोषणा का इंतजार है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की शनिवार को मुख्यमंत्रियों के साथ करीब चार घंटे चली बैठक के बाद इसके संकेत मिले। बैठक के तुरंत बाद दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने ट्वीट किया- ''प्रधानमंत्री ने लॉकडाउन ब?ाने का सही फैसला ले लिया है।'' पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने भी कहा, ''प्रधानमंत्री ने 30 अप्रैल तक लॉकडाउन बढाने के सुझाव पर चर्चा की थी। हम इस फैसले में उनके साथ हैं।'' हालांकि, लॉकडाउन बढ़ाने की घोषणा कब होगी, यह अभी साफ नहीं है।

**राष्ट्र के नाम संबोधन नहीं**

केजरीवाल और ममता बनर्जी के बयानों के बाद मीडिया रिपोर्ट्स में कहा जाने लगा कि प्रधानमंत्री खुद देश को संबोधित कर इसका ऐलान करेंगे, लेकिन सरकार के सूत्रों ने थोड़ी ही देर में साफ कर दिया कि शनिवार रात को मोदी ( **शेष पृष्ठ 7 पर** )

## हेमंत सोरेन ने पीएम मोदी से की बात, मनरेगा मजदूरी बढ़ाने की मांग

### सीएम ने कहा, मनरेगा की न्यूनतम मजदूरी 300 रु किया जाए

**रांची, 11 अप्रैल ईएमएस :** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने शनिवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ वीडियो कांफ्रेंसिंग में हिस्सा लिया। पीएम मोदी के साथ बातचीत में सीएम हेमंत सोरेन ने कहा है कि लॉकडाउन से काफी परेशानी हो रही है। लॉकडाउन समाप्त होने के बाद भी दिक्कतें कम नहीं होंगी। सीएम ने पीएम के सामने कोरोना वायरस से लड़ने के लिए अपनी मांगें भी रखीं। कहा कि राजस्व के तमाम स्त्रोत बंद हैं। इसलिए केंद्र सरकार भुगतान करे। मनरेगा के तहत मजदूरी दर बढ़ाकर न्यूनतम 300 रुपये प्रतिदिन किया जाए।



पीएम मोदी के साथ वीडियो कांफ्रेंसिंग में सीएम हेमंत ने कहा कि झारखंड प्रदेश आदिवासी दलित ( **शेष पृष्ठ 7 पर** )

# मानगो आजादनगर मस्जिद से दस जमाती पकड़ाए

## पांच महिलाएं भी शामिल, जांच को लिए गए सैम्पल

### एमजीएम के कोरोना वायरस के आईसोलेशल वार्ड में कराया गया भर्ती

**जमशेदपुर, 11 मार्च (रिपोर्टर):** शनिवार को मानगो आजादनगर के एक मस्जिद से दस जमाती को स्वास्थ्य विभाग की टीम ने पुलिस की मदद से पकड़ा, जिन्हें जांच के लिए एमजीएम अस्पताल लाया गया. दस लोगों में पांच महिलाएं भी शामिल हैं. सभी लोगों का सैम्पल लेकर जांच के लिए भेज दिया गया. उन्हें एमजीएम अस्पताल के आईसोलेशन वार्ड में भर्ती कराया गया.

शनिवार को जिला प्रशासन को सूचना मिली कि मानगो के आजादनगर में एक मस्जिद में कुछ जमाती छिप कर रह रहे हैं. सूचना मिलते ही मानगो पुलिस के सहयोग से स्वास्थ्य विभाग की टीम मस्जिद में पहुंची. पुलिस को स्वास्थ्य विभाग की टीम को देख कर क्षेत्र व मस्जिद में हड़कम्प मच गया. सूत्र बताते हैं कि मस्जिद की तलाशी ली जाने लगी. करीब एक घंटे के अंदर दस जमाती पकड़े गए. वे लोग मस्जिद में 16 मार्च से ही छिप कर रह रहे हैं. दस जमाती में पांच महिलाएं भी शामिल हैं जो मस्जिद में ही रह रही थी. स्वास्थ्य विभाग की टीम उन्हें एक वाहन में लेकर जांच के लिए एमजीएम अस्पताल पहुंची. सूत्रों की मानें तो सभी लोगों का नई दिल्ली निजामुद्दीन के मरकज से कनेक्शन है. एमजीएम अस्पताल में जांच के बाद उनके सैम्पल लिए गए. सभी लोगों को अस्पताल के आइसोलेशन वार्ड में भर्ती कराया गया. वे सभी उत्तर प्रदेश के बिजनौर का रहने वाले हैं. रविवार को सभी जमाती की रिपोर्ट आने की संभावना है.( **शेष पृष्ठ 7 पर** )

# झारखंड में कोरोना के 3 नए मामले

## अब तक 17 पॉजिटिव, एक की मौत

### कोडरमा में मिला पहला मरीज

**रांची, 11 अप्रैल ईएमएस :** कोरोना के तीन नए पॉजिटिव केस मिलने के बाद झारखंड में कोरोना वायरस संक्रमित मरीजों की संख्या 17 तक पहुंच गई है। रांची, हजारीबाग और कोडरमा में कोरोना के तीन और नए मरीज मिले हैं। रांची के हिंदपीढी, हजारीबाग तथा कोडरमा में एक-एक मरीज मिला है। सैंपल जांच में तीनों कोरोना पॉजिटिव पाए गए।

**हिंदपीढ़ी में एक और पॉजिटिव, रांची में संख्या हुई 8**

राजधानी रांची के हिंदपीढ़ी में एक और पॉजिटिव मामला मिला। इसके साथ ही रांची में कोरोना संक्रमितों की संख्या 8 पहुंच चुकी। जानकारी के अनुसार रांची का 8वां पॉजिटिव केस की कॉन्टैक्ट हिस्ट्री पॉजिटिव परिवार के साथ थी। पॉजिटिव परिवार के सदस्यों के संपर्क में आने से संक्रमण फैला है। बुधवार देर रात एक ही परिवार के पांच सदस्यों में कोरोना की पुष्टि हुई थी। जिसके बाद अगले दिन जिला प्रशासन व मेडिकल की टीम ने उन परिवार के संपर्क में आए 18 संदिग्ध का सैंपल लिया था। शुक्रवार को जांच किए गए सैंपल में एक और की पुष्टि हुई। इधर रांची के हिंदपीढ़ी में मरीजों की संख्या लगातार बढ़ने से पुलिस प्रशासन की चुनौती बढ़ गई है, हर संक्रमित का ओरिजिन ढूंढना और उससे संक्रमित लोगों को ढूंढना मुश्किल हो रहा है। हालांकि पुलिस प्रशासन मरीज के संपर्क में आने वालों लोगों को क्वारंटाइन करने में जुटा है।

**हजारीबाग में दूसरा कोरोना पॉजिटिव केस**

हजारीबाग के विष्णुगढ़ क्षेत्र से ही ताजा मामला सामने आया है, पहला कोरोना संक्रमित भी विष्णुगढ़ का ही था, 32 वर्षीय दिहाड़ी मजदूर गिरिडीह के सरिया से 23 मार्च को ट्रेन से उतरने के बाद ऑटो कर विष्णुगढ़ पहुंचा था, पहले संक्रमित व्यक्ति से कुछ दूर पर ही इसका गांव है। संक्रमित पाए गए व्यक्ति की पूरी ट्रेवल हिस्ट्री, अब तक कितनों को संक्रमण फैलने के खतरे पर नजदीकी नजर रखी जा रही है

**कोडरमा में पहला कोरोना पॉजिटिव केस**

कोडरमा में कोविड 19 का पहला मामला शनिवार को मिला। संक्रमित व्यक्ति ( **शेष पृष्ठ 7 पर** )

## अनिल पालटा सीआईडी और आरके मल्लिक बने विशेष शाखा के एडीजी, जनार्दनन गुमला एसपी बने

**राज्य सरकार ने भारतीय पुलिस सेवा के पांच अफसरों का किया तबादला, अधिसूचना जारी**

**रांची, 11 अप्रैल ईएमएस :** राज्य सरकार ने भारतीय पुलिस सेवा के पांच अफसरों का तबादला किया है। विशेष शाखा के अपर पुलिस महानिदेशक अजय कुमार सिंह को स्थानांतरित करते हुए अगले आदेश तक संचार एवं तकनीकी सेवाएं का अपर पुलिस महानिदेशक बनाया गया है। जबकि जेपीएचसीएल रांची के प्रबंध ( **शेष पृष्ठ 7 पर** )

## फेक न्यूज पर भड़के रतन टाटा

### बोले- ये बात मैंने न कहीं लिखी, न ही बोली



**नई दिल्ली, 11 अप्रैल ईएमएस :** देश के दिग्गज कारोबारी रतन टाटा एक फेक न्यूज पर भड़क गए हैं. दरअसल, इस फेक न्यूज में रतन टाटा के नाम से एक बयान लिखा गया है. रतन टाटा का हवाला देते हुए 'वेरी मोटिवेशनल ऐट दिस आवर' नाम के शीर्षक वाले बयान में इकोनॉमी पर कोरोना वायरस के प्रभाव का जिक्र किया गया है. अब रतन टाटा ने सोशल मीडिया पर इस खबर को शेयर करते हुए इसकी सच्चाई बताई है.

**क्या है सच्चाई?**

रतन टाटा ने अपने आधिकारिक ट्विटर हैंडल पर लिखा, ये बातें न तो मैंने कही हैं और न ही लिखी हैं. मैं आप सभी से अपील करता हूं कि व्हाट्सऐप ( **शेष पृष्ठ 7 पर** )

# तम्बाकू खाकर सार्वजनिक जगहों पर थूकने पर होगी 6 महीने की सजा

- **पूर्वी सिंहभूम जिले के सभी सरकारी/गैर सरकारी कार्यालय एवं परिसर तम्बाकू मुक्त क्षेत्र घोषित**
- **उल्लंघनकर्ताओं के खिलाफ जिला प्रशासन चलाएगा सघन अभियान**



**जमशेदपुर, 11 अप्रैल (रिपोर्टर) :** कोरोना वायरस संक्रमण की रोकथाम के मद्देनजर उपायुक्त रविशंकर शुक्ला ने आज आदेश जारी कर तंबाकू अथवा कोई अन्य तम्बाकू उत्पाद खाकर यत्र-तत्र थूकने पर छह माह का कैद अथवा 200 रुपये जुर्माने का निर्देश दिया है. इसलिये जिले के सभी सरकारी, गैर सरकारी कार्यालय एवं परिसर, सभी स्वास्थ्य संस्थान, सभी शैक्षणिक संस्थान, थाना परिसर आदि में किसी भी प्रकार का तंबाकू पदार्थ, सिगरेट, खैनी, गुटखा, पान मसाला, जर्दा आदि के उपयोग को ( **शेष पृष्ठ 7 पर** )

खाद्य, सार्वजनिक वितरण एवं उपभोक्ता मामले विभाग

झारखण्ड सरकार

राज्य सरकार सदैव आपकी मदद को तैयार



श्री हेमंत सोरेन

कोरोना COVID-19 संक्रमणकाल के दौरान भी झारखंड में नहीं रहेगा कोई भूखा

| क्र०सं० | माह | PHH कार्डधारी | AAY कार्डधारी |
|---|---|---|---|
| 01 | अप्रैल | 10 किलोग्राम खाद्यान्न प्रति सदस्य ₹1 प्रति किलोग्राम | 70 किलोग्राम खाद्यान्न प्रति कार्ड ₹1 प्रति किलोग्राम |
| 02 | मई | 10 किलोग्राम प्रति सदस्य निःशुल्क (NFSA से आच्छादित) | 10 किलोग्राम प्रति सदस्य निःशुल्क (NFSA से आच्छादित) |
| 03 | जून | 5 किलोग्राम प्रति सदस्य ₹1 प्रति किलोग्राम एवं 5 किलोग्राम प्रति सदस्य निःशुल्क (NFSA से आच्छादित) | 35 किलोग्राम प्रति कार्ड ₹1 प्रति किलोग्राम एवं 5 किलोग्राम प्रति सदस्य निःशुल्क (NFSA से आच्छादित) |

गैर अनुदानित दर पर प्रति राशनकार्ड 1.5 लीटर केरोसिन तेल का वितरण, अनुदान की राशि डी०बी०टी० के द्वारा

COVID-19 संक्रमण को देखते हुए अगले आदेश तक Fixed OTP Value के आधार पर लाभुकों को राशन का वितरण

| प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना अंतर्गत माह अप्रैल, मई व जून हेतु निःशुल्क गैस रिफिल वितरण | दाल - भात केंद्रों पर निःशुल्क भोजन वितरण |
|---|---|
| लाभुक के आधार से संलग्न बैंक खाते में एक सिलिंडर की राशि भेजी गई है। लाभुक गैस कनेक्शन के समय दर्ज मोबाइल नंबर से गैस बुक कराएं व मूल्य देकर गैस प्राप्त करें। प्रथम गैस प्राप्त होने के उपरांत, इसी विधि से दूसरी क़िस्त व तीसरी क़िस्त का पैसा प्राप्त होगा। 14.2 किलोग्राम - 3 बार रिफिल / 5.0 किलोग्राम - 8 बार रिफिल | मुख्यमंत्री दाल -भात केंद्र - 377 (11 केंद्र रात्रि में भी) विशेष दाल-भात केंद्र - 498 पुलिस थानों पर अतिरिक्त दाल-भात केंद्र - 342 |

आकस्मिक राहत पैकेट द्वारा 02 किलोग्राम चूड़ा, 500 ग्राम चना एवं 500 ग्राम गुड़ का वितरण

ऐसे जरूरतमंद जिनके पास राशन कार्ड नहीं है किंतु उन्होंने ERCMS द्वारा आवेदन दिया है तथा योग्यता भी रखते हैं उन्हें प्रति परिवार 10 किलोग्राम खाद्यान्न ₹1 प्रति किलोग्राम दिया जा रहा है।

आकस्मिक खाद्यान्न कोष के द्वारा राज्य के सभी मुखिया एवं वार्ड पार्षद को ₹10000 की आकस्मिक निधि उपलब्ध कराई गई है। इस निधि द्वारा ऐसे गरीब व्यक्ति जिनके पास राशन कार्ड नहीं है और जीविकोपार्जन के योग्य नहीं हैं को बाजार के दर से 10 किलो चावल खरीद कर लाभुक को निःशुल्क उपलब्ध कराया जा रहा है।

इस संबंध में कोई भी असुविधा हो तो अपनी शिकायत निम्नलिखित निःशुल्क नंबरों पर दर्ज करा सकते हैं।

Toll Free: 1967 & 1800-212-5512
Website: www.dfcajharkhand.in
Email: pgms@dfcajharkhand.in
WhatsApp / SMS: +91-896-958-3111

PR-227784 (Food Public Distribution and Consumer Affairs) 20-21

## संक्षिप्त

### गमछा, रुमाल का उपयोग करने वाले कपूर का करें इस्तेमालः अखिलेश

**जमशेदपुर 11 अप्रैल संवाददाताः** स्वामी विवेकानन्द सेवा संस्थान के महासचिव अखिलेश कुमार चौधरी ने कहा है कि लोग कोरोना बीमारी से बचने के लिए मास्क का प्रयोग के रहे हैं , लेकिन लोग़ गमछा , रूमाल व तरह - तरह क़े मास्क का प्रयोग कर थे है जिसके चलते कुछ दिन के बाद मास्क में पसीना का गँध या अन्य गँध आने के कारण परेशान हो रहें हैं ज़ैसे हमारे देश क़े सफ़ाई कर्मचारी जिन्हें ज़्यादा परेशानी का सामना करना परता है क्योंकि वे मास्क बदलने मे मजबूर भी है या वे लोग जिन्हें साँस की बीमारी है दम भी फूलता होगा उन्हें मास्क पहन्ने के बाद भी दिक़्क़त होता होगा - ये सभी लोगों से निवेदन है कि अपने मास्क में कपूर क़ो अच्छी तरह रगर लेंगे़ तो बहुत ही फ़ायदा होगा़ । कपूर से आक्सीजन की भरपूर लेने मे सहूलियत होगी । नज़दीक कीटाणु भी न आने सकेगा व गँध भी सुगंधित होंगी व आप पूर्णरूपेण स्वस्थ रहेंगे ।

### जी एस ऑटो लिमिटेड के कर्मचारियों के बकाये वेतन की भुगतान की मांग

**जमशेदपुर :** यूथ इंटक के राष्ट्रीय महामंत्री संजीव श्रीवास्तव ने गम्हरिया स्थित जी एस ऑटो इंटरनेशनल लिमिटेड के ठेका व स्थायी कर्मचारियों के जनवरी माह से बकाया वेतन का भुगतान नहीं होने पर आक्रोश व्यक्त किया। इस संबंध में संजीव श्रीवास्तव ने सरायकेला खरसावां के श्रम अधीक्षक राकेश कुमार सिन्हा को ईमेल के माध्यम से एक पत्र भेजा है जिसमें कर्मचारियों के बकाया वेतन की अविलंब भुगतान की मांग की गयी है। संजीव श्रीवास्तव ने आक्रोश व्यक्त करते हुए कहा कि जनवरी माह से वेतन भुगतान नहीं होने से व कोरोना जैसे वैश्विक महामारी में भी वेतन नहीं मिलने से कर्मचारियों के बीच भुखमरी की नौबत आ गयी है। संजीव श्रीवास्तव ने ईमेल के माध्यम से पत्र भेजने के बाद सरायकेला खरसावां के श्रम अधीक्षक से दूरभाष में भी वार्ता की। वार्ता में श्रम अधीक्षक ने संजीव श्रीवास्तव को इस संदर्भ में समुचित कार्यवाही का आश्वासन दिया व कर्मचारियों के बकाया वेतन के शीघ्र भुगतान का भी आश्वासन दिया।

### न्यू हॉलैंड एग्रीकल्चर ने वारंटी अवधि 30 दिनों के लिए बढ़ाई

**पटना,11 अप्रैल (ईएमएस):** न्यू हॉलैंड एग्रीकल्चर ने अपनी मशीनों पर वारंटी अवधि 30 दिनों के लिए बढ़ा दी है, जिनकी वारंटी 24 मार्च से 14 अप्रैल के बीच प्रभावी है. इसकी वी केयर फॉर यू पहल से ब्रांड अपने ग्राहकों के वित्तीय बोझ को कम करना चाहता है. न्यू हॉलैंड लंबे समय से किसान समुदाय का करीबी सहयोगी रहा है, जो कृषि उपकरणों की एक पूरी श्रृंखला की पेशकश करता है और फसल उत्पादकता और लाभप्रदता को बढ़ाता है. न्यू हॉलैंड ने हाल ही में 5 लाख ट्रैक्टरों की संचयी बिक्री तक पहुंच बनाई है और भारत में एक हजार से अधिक ग्राहक सेवा केन्द्र का बढ़ता नेटवर्क है.

# टाटा मोटर्स यूनियन के उपाध्यक्ष 14 दिन के लिए क्वारंटाईन

### इंदौर में फंसे अपने मित्र के बेटे को गये थे लाने



**जमशेदपुर, 11 अप्रैल (रिपोर्टर) :** कोरोना को लेकर टाटा मोटर्स वर्कर्स यूनियन के उपाध्यक्ष व आजसू के वरीय नेता प्रकाश विश्वकर्मा क्वारंटाइन में हैं। पिछले दिनों इंदौर में फंसे अपने दोस्त के बेटे को वापस लाने के बाद प्रकाश विश्वकर्मा पहले टाटा अस्पताल गए फिर वहां से सीधे क्वारंटाइन सेंटर टेल्को जीइटी होस्टल में भेज दिए गए।

प्रकाश स्वेच्छा से छह अप्रैल से क्वारंटाइन में हैं ताकि उन्हें व उनके परिवार को किसी तरह की परेशानी नहीं हो। यहां उन्हें 14 दिन रहना है। सब कुछ ठीक रहा तो 15वें दिन उनकी छुट्टी कर दी जायेगी। पूछने पर उन्होंने बताया कि स्वेच्छा से एहतियातन क्वारंटाईन में है। ज्ञानबर्द्धक पुस्तकें पढ़कर अपना टाईम पास कर रहे हैं।

### बाहर से आने वाले कर्मी का हो रहा क्वारंटाइन

टाटा मोटर्स का कोई भी कर्मचारी अगर लॉकडाउन के दौरान बाहर से शहर आयेगा तो उन्हें कम से कम 14 दिन क्वारंटाइन पर रखा जायेगा। इसी क्रम में इंदौर से आने वाले प्रकाश विश्वकर्मा व सीएमसी वेल्लूर से आने वाले एक ही परिवार के चार लोग जीइटी होस्टल में क्वारंटाइन में हैं। जीइटी होस्टल के साथ नेपाल बिल्डिंग में भी क्वारंटाइन सेंटर बनाया गया है। जीइटी हॉस्टल में कर्मचारियों को रखा गया है जबकि नेपाल बिल्डग में अभी तक कोई नहीं पहुंचा है। टेल्को के परिवार कल्याण संस्थान में आइसोलेशन वार्ड बनाया गया है। जहां टाटा मोटर्स अस्पताल के चिकित्सक तैनात किए गए हैं।

### सरकार ने बनाया मनोचिकित्सकों का हेल्प डेस्क

**जमशेदपुरः** कोरोना वायरस को लेकर जिस तरह से पूरे देश में हड़कम्प मचा हुआ है उससे लोगों में भी चिन्ता बढ़ने लगी है. झारखंड सरकार ने लोगों की परेशानी को कम करने के लिए राज्य के मनोचिकित्सकों का हेल्प डेस्क बनाया है जिसमें राज्य के 31 मनोचिकित्सकों को शामिल किया गया है. जिले से तीन डॉक्टरों की टीम है. सूची में सदर अस्पताल के डा. दीपक गिरि का नाम सबसे पहले है. इसके बाद डा. स्मिता हेम्ब्रम व टीएमएच में तैनात डा. सुदर्शन दास का नाम है. सरकार की ओर सूची में डाक्टर का नाम, फोन नंबर, स्थान, समय व भाषा का नाम दिया गया है. कोई भी व्यक्ति सुबह दस से शाम पांच बजे तक सवाल पूछ सकते हैं. डा. दीपक गिरी मोबाइल नंबर 9334238982, डा. स्मित हेम्ब्रम मोबाइल नंबर 9608758514 व डा. सुदर्शन नाम मोबाइल नंबर 9903164691 है.

## कई क्षेत्रों में चल रहा है जागरुकता अभियान




**जमशेदपुर 11 अप्रैलः** जिला प्रशासन के सहयोग से सी0आई0आई0 वाई0आई0 संस्था एवं नेहरू युवा केंद्र संगठन, के युवा क्लबों के युवाओं द्वारा लोगों को सोशल डिस्टेंसिंग, हाथ को सही तरीके से कैसे धोय एवं सैनिटाइजर का इस्तेमाल करने के तरीके को बताया जा रहा है । लोगों के वाई0आई0 के सहयोग से सैनिटाइजर को भी वितरण किया जा रहा है। वाई0आई0 जमशेदपुर कि संयोजिका दिव्या तनेजा ने बताया कि वाई0आई0 हमेशा ही सामाजिक कार्यों में निरंतर ही अग्रसर की भूमिका में रहता रहा हैं, और युवा क्लबों के साथियों का योगदान हर परिस्थिति में मिलता रहता है। जागरूकता अभियान में मास्टर ट्रेनर अभिनव कुमार राय, संदीप कुमार गोप, अभिषेक कुमार सिंह, विशाल, पवन आदि ने इस महामारी से लड़ने के लिए लोगों को तैयार कर रहे हैं सहयोगी युवा क्लबों में बीबीके, अर्खम एवम आरंभ की अहम भूमिका निभा रहे हैं। ये अभियान इस्ट प्लांट, बागबेड़ा, बाबुडीह एवं भुईयाँडीह के बस्तीयों में चलाया जा रहा।

## आईसीएसआई ने पीएम केयरस फंड को 5.25 करोड़ का योगदान दिया

**जमशेदपुर 11 अप्रैल संवाददाता :** इंस्टीट्यूट ऑफ कंपनी सेक्रेटरीज ऑफ इंडिया ने पीएम केयर फर्मं में 5.25 करोड की राशि जमा की है। इसमें 5 करोड संस्थान ने 25 लाख रुपये अपने कर्मचारिरयों कंपनी सचिव सदस्यों से एकत्रित किये है। इंस्टीट्यूट ऑफ कंपनी सेक्रेटरीज ऑफ इंडिया के अध्यक्ष सीएस गगम ने कहा की एक साथ हम कर सकते हैं, एक साथ हम करेंगे ।

## मानगो में सफाईकर्मियों के बीच वितरण



**जमशेदपुर 11 अप्रैल :** बिहार-झारखंड सेल्स रिप्रेसेंटेटीव्स यूनियन की जमशेदपुर इकाई ने कोरोना -19 महामारी के संकट के दौरान सफ़ाई कर्मचारियों द्वारा की जा रही सराहनीय कार्य के लिए एकजुटता और प्रशंसा अभिव्यक्ति कार्यक्रम का आयोजन किया गया । बीएसएसआर यूनियन जमशेदपुर इकाई द्वारा आज मानगो नगरपालिका के लगभग 50 सफ़ाई कर्मचारी के बीच, पानी, बिस्किट, ग्लूकोज, दस्ताने, मास्क, वितरित किया गया। यूनियन के इकाई अध्यक्षपी.आर.गुप्ता ने बताया कि वे इस सामाजिक कार्य को जारी रखेंगे ।

## मानगो में भाजपाइयों द्वारा खिचड़ी वितरित



**जमशेदपुर 11 अप्रैल संवाददाताः** मानगो के टुडिआबेरा में भाजपा द्वारा खिचड़ी का वितरण किया गया। इसमें मुख्य रूप से विकास सिंह, राजेश साहू,जटाशंकर पाण्डेय, कन्हैया ओझा, अजीत सिंह सहित कई वरीय भाजपा नेता उपस्थित थे।

### अरुण बाकरेबाल के सौजन्य से लगातार 10 दिनों से जरूरतमंदों के बीच दोपहर का भोजन



**जमशेदपुर 11 अप्रैलः** कोरोना देशव्यापी महामारी को देखते हुए जमशेदपुर के उद्यमी सह समाजसेवी अरुण बाकरेबाल जी के सौजन्य से 1 अप्रैल से लगातार लोकडाउन से पीड़ित 1000 जरूरतमंद लोगो को दोपहर का भोजन (खिचड़ी) प्रतिदिन दिया जा रहा है,यह कार्यक्रम सुन्दरनगर के विभिन्न गांवों पुरिहासा, जोन्द्रागोड़ा, लाइनटोला, घसियाझोपडी, नीलडूंगरी, तुरामडीह, बयांगबिल, घोड़ाडीह एवं कुदादा क्षेत्र में रोजाना दोपहर का भोजन(खिचड़ी) बितरण किया जाता है, उद्यमी सह समाजसेवी अरुण बाकरेबाल जी ने कहा कि प्रति दिन पूर्ण स्वच्छता का ध्यान रखते हुए भोजन(खिचड़ी) वितरण किया जाता है। भोजन वितरण करते समय 1 मीटर की समाजिक दूरी का पालन सभी सदस्य करते हैं। उन्होंने कहा कि हमारा संकल्प है कि कोई भूखा न रहे। इस पुनीत कार्य को लगातार सफल बनाने में सुन्दरनगर के अशोक अग्रवाल,हर्ष अग्रवाल,राजीव अग्रवाल,अनमोल वर्मा(पप्पु), हर्ष टण्डन,डेन्ज़िल डिक्रूज,मनीष शर्मा,हेमन्त दीक्षित,अमित अग्रवाल,अमरजीत प्रसाद,संतन ओझा,अरविंद कुमार,कृष्णा कुमार की भूमिका काफी महत्वपूर्ण रहा।

# जन सहयोग से चल रहा जॉस का कार्यक्रम

**जमशेदपुर 11 अप्रैलः** झारखंड एनिमल वेलफेयर सोसायटी (जॉस) के द्वारा शहर के विभिन्न इलाकों में जाकर लावारिस कुत्ते, बिल्लियों, सांड और अन्य प्राणियों को भोजन कराये जाने को अब आम जनता का भीसहयोग मिलने लगा है। लॉकडाउन की वजह से इन लाचार एवं निरीह जानवरों को भोजन - पानी नहीं मिल पा रहा है। यह अबला जीव भी भोजन - पानी के उतना ही हकदार हैं जितना हम मनुष्य। सोसाइटी के इस नेक कदम को और अधिक जानवरों तक पहुंचाए जाने के उद्देश्य से टाटा मेटलिक्स के पूर्व प्रबंध निदेशक एच के झा, पूर्ववर्ती बिहार रणजी क्रिकेट टीम के कप्तान रहे के वी पी राव व उनकी धर्मपत्नी श्रीमती शारदा राव, ब्रिगेडियर प्रदीप कुमार झा, मणि कुमार झा, पुणे से विनय झा, डी एस भारज, श्रीमती कीर्ति राव, रायपुर के अलावा शहर के कई अन्य लोगों ने भी आर्थिक सहयोग किया है।

आनंद कुमार ने इन जानवरों के लिए बिस्किट तथा पेट एनिमल वेलफेयर सोसाइटी के अभिषेक राय ने 25 किलो चावल उपलब्ध कराया है। जॉस के अध्यक्ष डॉ अरुण कुमार झा और तृणमूल कांग्रेस झारखंड प्रदेश सचिव आकाश दे के संयुक्त तत्वावधान में आज भी इन जानवरों को हल्दी चावल, बिस्कुट आदि खिलाया गया। संस्था की और से आज का कार्यक्रम आदित्यपुर से चलाया गया। सोसाइटी ने बिरसानगर जोन नंबर 3 में जानवरों के साथ साथ गरीब एवं ज़रूरत मंदो के बीच राशन का वितरण भी किया। अभियान से जुड़े पशु प्रेमी आकाश डे आम जनता से अनुरोध किया कि वे अपने घरों के बाहर इन जीवों के लिए भोजन एवं मिट्टी के बर्तन में पानी की व्यवस्था करें, जिससे सिर्फ जानवर ही नहीं बल्कि पक्षियां भी अपनी प्यास मिटा सके। अभियान में बप्पा मजूमदार, आकाश दे, गणेश महतो, आशीष नमता, विष्णु मुंडा, बाबूलाल टुडू, सोनू सेठ, बंटी कुमार, प्रणब महतो आदि शामिल थे।

## बागबेड़ा पंचायत में चला फॉगिंग



**जमशेदपुर, 11 अप्रैल (रिपोर्टर) :** कोरोना वायरस के संक्रमण की रोकथाम हेतु बागबेड़ा के जिला पार्षद किशोर यादव एवं बागबेड़ा थाना प्रभारी राजेश कुमार सिंह के सहयोग से बागबेड़ा के पंचायत प्रतिनिधियों ने पूरे बागबेड़ा पंचायत में फॉगिग मशीन चलाया गया। फॉगिंग मशीन बागबेड़ा थाना से शुभारंभ करके बागबेड़ा कॉलोनी, बागबेड़ा नया बस्ती, रिवर व्यू कॉलोनी, बाबा कुटी, बजरंग टेकरी, कीताडीह, हरहरगुट्टू इत्यादि बस्तियों में फॉगिंग की गयी। इस मौके पर जिला पार्षद किशोर यादव के अलावे पंसस धर्मेंद्र चौहान, उप मुखिया सुनील गुप्ता, पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि श्रवण मिश्रा, नीरज सिंह, राजू सिंह, समाजसेवी प्रमोद साह, बबलू उपस्थित थे।

### कांग्रेसियों ने 1500 परिवार को मुहैया कराया कच्चा राशन



**जमशेदपुर 11 अप्रैल :** स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता के निर्देश पर कॉंग्रेस कार्यकर्ताओं के द्वारा जन आहार सेवा कार्यक्रम के तहत सोनारी एरिया के मुखी बस्ती,जनता बस्ती,बलराम बस्ती,बच्चा सिंह बस्ती,कपाली बस्ती, तिलू भट्टा, भूमिज बस्ती में रहने वाले जरूरतमंद 1500 परिवार को कच्चा राशन मुहैया करया गया, जान आहार सेवा कार्यक्रम के तहत कदमा, सोनारी, बिस्तुपुर, साकची, मानगो में 10000 जरूरतमंद लोगों एवं बच्चों को भोजन उपलब्द कारया गया.जब तक लॉकडाउन रहेगा तब तक सभी को भोजन और राशन मुहैया कराया जायेगा, सोनारी में राशन वितरण का काम गुड्डू गुप्ता के नेतृत्व किया जा रहा उनके साथ संजय सिंह, बब्बन शुक्ला,अमित सिंह,कैलाश ठाकुर,विनोद रजक, नवीन शुक्ला ,अर्जुन सिंह गोविंद, पिट्ठू ,दिलीप साहू ,अमित दास,आनंद पांडे,शमीर सरदार उपस्थित थे।

### बाईसिक्स कर्मियों को बैंक खाते में कल आयेगा वेतन

**जमशेदपुर :** टाटा मोटर्स के अस्थायी (बाइसिक्स) कर्मचारियों के खातें में सोमवार तक वेतन आ जाएगा। लॉकडाउन में ये कर्मचारी ड्युटी नही कर सके। मार्च में ड्युटी करने वालें कई कर्मचारियों को वेतन मिल चुका है। दरअसल कंपनी प्रबंधन ने बाइसिक्स कर्मचारियों का वेतन बैंक को रॉलडाउन के लिए भेज दिया है, शुक्रवार को गुड फ्राइडे की छुट्टी, इसके बाद शनिवार और रविवार के छुट्टी के कारण वेतन सोमवार को ही आ सकेगा। टाटा मोटर्स वर्कर्स यूनियन के महामंत्री आरके सिंह ने बताया कि बाइसिक्स कर्मचारियों को यूनियन की ओर से हर संभव मदद मिलेगी। कंपनी भी बाइसिक्स कर्मचारियों से सहानुभूति रखते हुए लॉकडाउन अवधि का वेतन दे रही है।


# मानगो सहारा सिटी के कर्मियों को 15 दिन का मिला सूखा राशन

### सोसाईटी ने अपने कर्मियों के प्रति दिखायी दरियादिली



**जमशेदपुर, 11 अप्रैल (रिपोर्टर) :** कोविड 19 के वैश्विक महामारी व लॉकडाउन में मानगो के सहारा सिटी में कार्य करने वाले सिक्युरिटी कर्मचारी, पलम्बर, इलेक्ट्रीशियन, सफाई कर्मी, माली, घर में काम करने वाली मेड के साथ-साथ कॉलोनी के आस-पास लॉकडाउन की वजह से रोजगार से वंचित 140 लोगों को लगभग 15 किलो सूखा राशन दिया गया। इन्हें राशन में चावल, आटा, दाल, सरसों तेल, नमक, बिस्किट पैकेट, ब्रेड, आलू, प्याज आदि सामग्री बढ़-चढ़कर दान किए। यह पुणित कार्य सोसाइटी के पदाधिकारियों के नेतृत्व में संपन्न हुआ। इसे सफल बनाने में सोसायटी के अध्यक्ष पी के सिन्हा, महंगा सिंह, आर के सिन्हा, सादिक बबलू, ईश्वर चंद शर्मा, देवेंदर, मोहम्मद इकबाल, धीरज झा, साजिद, असर अख्तर, सतीश मिश्रा, राहुल, राजेश, पुष्पेंद्र, विशाल, एस एन पाल, अखिलेश पांडेय, जटाशंकर, बी के सिंह, टी पी सिंह, अमरेंद्र किशोर आदि ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाये।

# टेल्को : शतदल ने टीएमएल सीएसआर को सौंपा 51 हजार का चेक




**जमशेदपुर, 11 अप्रैल (रिपोर्टर) :** टेल्को के रिवर व्यू इन्क्लेव के महिलाओं की सामाजिक व सांस्कृतिक संस्था शतदल ने कोरोना संकट में गरीब व जरूरतमंदों की मदद के लिए चंदा किया है।

कॉलोनी के प्रेंसिडेंट मानस मिश्रा के नेतृत्व में कुल 51 हजार रुपए चंदा कर संस्था के प्रतिनिधियों ने टाटा मोटर्स के सीएसआर विभाग के अंचित्य सिंह को चेक सौंपा, ताकि गरीब व जरूरतमंदों के बीच भोजन का वितरण चलता रहे। इस दौरान सीमा अली, रश्मि श्रीवास्तव और रोमा शाही समेत अन्य लोग मौजूद थे। दूसरी ओर शतदल के महिलाओं ने बाराद्वारी कुष्ठ आश्रम जाकर वहां राशन जिसमें चावल, दाल एवं सब्जी वितरित कियो।

# टेल्को के चार उत्साही युवाकों ने किया रक्तदान

### पतंजलि युवा भारत और हीमोफीलिया सोसायटी की पहल




**जमशेदपुर, 11 अप्रैल (रिपोर्टर) :** पतंजलि युवा भारत और हीमोफीलिया सोसायटी जमशेदपुर के संयुक्त तत्वाधान में टेल्को जमशेदपुर से आज पांच उत्साही युवकों ने आज रक्तदान किया।

मालूम हो कि कोरोना वायरस के वजह से रक्तदान शिविर के आयोजन ना होने की स्थिति में जमशेदपुर ब्लड बैंक समेत राज्य और देश के सभी ब्लड बैंक रक्त की कमी से जूझ रही है। शहर की समाजसेवी संस्थाओं द्वारा लगातार चल रही इस मुहिम में आज दीपांकर मुखर्जी, श्रीराम सिंह, रुदल प्रसाद यादव, अजीत कुमार सिंह एवं प्रताप मिश्रा ने रक्तदान किया। इस अवसर पर पतंजलि युवा भारत के जिला प्रभारी नरेंद्र कुमार ने स्वैच्छिक रक्तदान के लिए शहर के युवाओं को आगे आने का आह्वान किया। रक्तदाता के सुविधा हेतु जमशेदपुर ब्लड बैंक और झारखंड वॉलंटरी ब्लड डोनर्स एसोसिएशन द्वारा सुरक्षित वाहन की व्यवस्था की जा रही है, जिससे उन्हें घर से लेकर वापस घर पहुंचाने तक की निशुल्क सुविधा प्रदान की जा रही है।

### चोरी के कापर के तार के साथ पकड़ाया गया जेल

**जमशेदपुर 11 अप्रैल संवाददाता :** बिस्टुपुर पुलिस ने टाटा स्टील कम्पनी में चोरी करते पकड़े गये चोर जुगसलाई गरीब नावाज कालोनी निवासी मोहम्मद शेख को गिरफ्तार कर जेल भेजा है. जिसके पास से चोरी की गयी 29 किलो कापर तार बरामद कि गयी है जिसकी कीमत हजारों में बतायी जाती है. जिसे आज सुबह टाटा स्टील कम्पनी के सुरक्षा विभाग के सब इस्पेक्टंर अजय कुमार सिंह ने ट्रकशन यार्ड के पीछे रिलिंनिग यार्ड के पास पकडा़ .

वैद्य कैलाश महतो
(चर्म एवं गुप्त रोग विशेषज्ञ)
राष्ट्रीय आरोग्य स्वास्थ्य सम्मान एवं स्वर्णपद से सम्मानित
तपोवन में रहकर आयुर्वेद पर गहन अध्ययन कर असाध्य रोगों पर रिसर्च कर फिर से आपकी सेवा में हाजिर हूं.



वैद्य कैलाश महतो



डॉ अभिमन्यु महतो
कठिन से कठिन असाध्य रोगों से छुटकारा पाने लिये वैद्य जी से परामर्श लें.
जैसे कैंसर, चर्म रोग, धातु विकार, स्वप्न दोष, नपुंसकता, सेक्स में कमी, गुप्त रोग, मिर्गी, टीबी, दमा, बवासीर, फलेरिया, जांडिस, सफेद दाग, वातरोग, सुगर, हाईड्रोसिल, सुजाक, शीघ्रपतन, गनोरिया, लिकोरिया, धातुछिनता, अपने से गलती से किया भुक्तभोगी और छोटे-बड़े किसी प्रकार का रोग हो. संतान इच्छुक पति पत्नी आकर परामर्श लें.
ब्रांच 1: गायत्री आयुर्वेदिक दवाखाना बारीडीह मार्केट, पुरानी लाईन
: 2280937, 8002238836
समय : सुबह 8 से 11 व शाम 4 से 10 बजे तक
ब्रांच -2 : शालिनी मार्केट खाजा दुकान के बगल में मेन रोड साकची
-9835591112
समय : सुबह 11 से 2 बजे तक

सफलता के 32 वर्ष
आधुनिक इलेक्ट्रॉनिक्स मशीनों द्वारा और सम्पूर्ण इलाज
आयुर्वेद वृहस्पति
डॉ० एस० के० तिवारी
Govt. Regd.
वरिष्ठ गुप्त एवं यौन रोगों के चिकित्सक
आयुर्वेद शिरोमणि Honored by National Health Excellence Award
सहायक डॉ० महेश्वर मिश्रा
Govt. Regd.
JEEWAN JYOTI HEALTH CLINIC
100% Herbal Medicine
धातु विकार | स्वप्न दोश
नपुंसकता | शीघ्रपतन
अंगों का छोटापन | सेक्स में कमी
निःसंतान दंपति संतान प्राप्ति हेतु अवश्य संपर्क करें
आपके स्वास्थ्य संरक्षण एवं रोगोन्मूलन का प्रतीक
जीवन ज्योति हेल्थ क्लीनिक ®
A/36, न्यू कालीमाटी रोड, गुरुनानक नगर, साकची, जमशेदपुर-1
(दिनांक 8 से 20 तक प्रतिमाह)
मिलने का समय प्रातः 9 से 1 बजे तक/सायं 3 से 7 बजे तक
PHONE : 0657-2438616, 9835551212, 9431113166

0657-2443999 / 8986637327 / 8969444817
A SPECIALITY CENTER FOR




Omkarananda
DENTAL CARE
OMKARANANDA MULTISPECIALITY DENTAL CARE & RESEARCH
WE CARE
Google
IN TATA MOTORS PANEL
LIFT AVAILABLE
LIFT AVAILABLE
1st Floor, Tiwary Bechar Building

## संक्षिप्त

### परसुडीह में टाटा मोटर्स के सेवा निर्वत कर्मी ने की आत्महत्या

**जमशेदपुर 11 अप्रैल संवाददाता :** परसुडीह थाना अतंगंर्त जानोगोड़ा निवासी 63 वर्षीय जोनेसता भोगेरें ने बीती रात बाथरुम में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली.उक्त मामले में पत्नी ज्योति एम्बीना भोगेंरे के बयान पर आस्वाभिक मौत का मामला दर्ज किया गया है घटना के सम्बंध में मिली जानकारी के अनुसार रात में खाना खाकर सो गया था सुबह साढे पांच बजे परिवार के लोग उठे तो देखा की फांसी लगा ली है परिवार के अन्य सदस्यों को उठाया गया व पुलिस को सुचना दी गयी सुचना पाकर पुलिस पहुंची व शव का पंचनामा कराने का बाद पोस्टमार्टम के लिये भेजी है कारणों के बारे में कहा जाता है की मानसिक तनाव रहता था.

### जानलेवा हमला करने का मामला दर्ज

**जमशेदपुर 11 अप्रैल संवाददाता :**सीतारामडेरा थाना में राकेश कोहली के बयान पर बबुल राव,रामा राव,जैकी राव,मना राव,राजा राव,सन्नी राव के खिलाफ जान लेवा हमला करने का मामला दर्ज किया गया है.

# सड़कों पर बिना कारण घूमनेवालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई

## डीसी ने की बैठक, सख्ती से लॉक डाउन पालन कराने का निर्देश

**जमशेदपुर, 11 अप्रैल (रिपोर्टर) :** समाहरणालय सभागार में उपायुक्त रविशंकर शुक्ला की अध्यक्षता में कोरोना की रोकथाम एवं बचाव के मद्देनजर वरीय पुलिस पदाधिकारी, एमजीएम कॉलेज के प्राचार्य, एमजीएम अस्पताल के उपाधीक्षक के साथ ही कॉरपोरेट कम्पनी के प्रतिनिधियों की बैठक हुई. उपायुक्त ने लॉक डाउन को और सख्ती से अनुपालन कराने का निर्देश सभी पुलिस पदाधिकारियों एवं दंडाधिकारियों को दिया. वहीं टाटा स्टील के प्रतिनिधि से भी इस आशय का सहयोग मांगा.

कहा कि जिले के बाहर से आनेवाले मजदूर को या तो शहर में ही रहने की व्यवस्था करें अथवा उनके स्थान पर स्थानीय मजदूरों से काम कराएं. उन्होंने कंपनी पदाधिकारी को निर्देश दिए कि अपने सूत्रों एवं संसाधन के माध्यम से डोर टू डोर सर्वे कराए एवं लोगों को कोरोना वायरस के प्रति जागरूक करने में जिला प्रशासन का सहयोग करें. जुस्को को लोगों को जागरूक करने के लिए माइकिंग कराने के साथ ही लगातार फॉगिंग कराने का भी निर्देश दिया.




**भोजन बांटने को सेक्टर हिसाब से निर्गत होगा पास**

उपायुक्त ने बताया कि सीएसआर के तहत कंपनी द्वारा जो भोजन वितरण हो रहा है, उससे जुड़ी कुछ शिकायतें प्राप्त हो रही हैं, इसमें सुधार किया जाएगा. अब भोजन बांटने को सेक्टर हिसाब से पास निर्गत किया जाएगा. जुस्को कर्मियों हेतु प्रशिक्षण कार्यक्रम जिला प्रशासन द्वारा कराने की भी बात कही.

**कोरोना जांच हेतु एमजीएम में लगेगा और दो मशीन**

**टीएमएच में जल्द शुरू होगा एंटी बॉडी टेस्ट**

चिकित्सकों से बातचीत के क्रम में एमजीएम कॉलेज के प्राचार्य ने बताया कि अबतक कुल 917 सैंपल प्राप्त किया गया है, जिसमें 700 के रिपोर्ट दिए जा चुके हैं, शेष रिपोर्ट जल्द ही आ जाएंगे. साथ ही बताया कि आईसीएमआर की अनुमति के पश्चात जल्द और दो जांच मशीन शुरू हो जाएगी, जिससे जांच में और तेजी आएगी. वहीं टीएमएच के चिकित्सकों ने बताया कि जल्द ही उनके अस्पताल में एंटीबॉडी टेस्ट शुरु होगा, जिससे कोरोना के पॉजिटिव मरीजों की पहचान में आसानी होगी. डीसी ने बीएलओ के माध्यम से डोर टू डोर सर्वे कराने का निर्देश भी दिया. बैठक में कई प्रशासनिक पदाधिकारी मौजूद थे.

### लॉक डाउन उल्लंघन में तीस पकडाये

बिस्टुपुर पुलिस ने धतकीडीह में बेवजह घुमते हुये तीस लोगों के पकड़ा है.जिन्हे बाद में पी आर बान्ड पर छोड़ा गया है.यह अभियान थाना प्रभारी राजेश कुमार प्रकाश सिन्हा ने शाम में चलाया है.

### छोटा गोविन्दपुर में बिमारी से मौत

**जमशेदपुर 11 अप्रैल संवाददाता :** बिमारी के कारण छोटागोविन्दपुर सुभाषनगर निवासी 26 वर्षीय राकेश गुप्ता की टाटा मोटर्स अस्पातल में मौत हो गयी.पुलिस ने परिजनों के बयान पर आस्वाभिक मौत का मामला दर्ज कर शव को पोस्टमार्टम के लिये भेजा .मिली जानकारी के अनुसार बताया जाता है की रात में अचानक पेट में दर्द होने की शिकायत पर परिवार के लोगों ने टाटा मोटर्स अस्पातल में भर्ती कराया था जिसकी मौत हो गयी.

### जुगसलाई में बुजुर्ग की मौत कोरोना वायरस से नहीं

**जमशेदपुर, 11 अप्रैल (रिपोर्टर):** जुगसलाई में शुक्रवार की सुबह एक बुजुर्ग की संदिग्ध परिस्थिति में मौत हो गई थी. उसकी मौत भूख से या फिर कोरोना वायरस से होने की आशंका जतायी गई थी. जानकारी मिलने के बाद स्वाथ्य विभाग की टीम पहुंची थी. उसके शव का सैम्पल लेकर एमजीएम मेडिकल कॉलेज व अस्पताल के माइक्रोबायोलॉजी विभाग में भेज दिया था. शनिवार की मृतक की रिपोर्ट आयी जिसमें कोरोना वायरस की जांच रिपोर्ट निगेटिव आयी. शनिवार को जिले के अलग-अलग जगहों के 31 संदिग्धों के सैम्पल लिए गए जिन्हें जांच के लिए एमजीएम मेडिकल कॉलज व अस्पताल के माइक्रोबायोलॉजी विभाग भेज दिया गया. शुक्रवार को भेजे गए अधिकतर संदिग्धों की जांच रिपोर्ट आयी जिनकी जांच रिपोर्ट निगेटिव है.

## टाटा स्टील कर्मचारियों के वेतन में नहीं होगी कटौती: नरेन्द्रन



**जमशेदपुर, 11 अप्रैल (रिपोर्टर):** टाटा स्टील के सीईओ व ग्लोबल प्रबंध निदेशक टी वी नरेन्द्रन ने कहा कि उत्पादन में कमी से कर्मचारियों की नौकरी या वेतन में कटौती नहीं होगी.

टाटा स्टील के सीईओ व ग्लोबल प्रबंध निदेशक टी वी नरेन्द्रन ने एक अंग्रेजी समाचार पत्र को दिए गए इंटरव्यू में कहा कि कोरोना वायरस का असर कंपनी की बिक्री व उत्पादन पर पड़ा है. कंपनी का ध्यान मौजूदा कार्यबल की उत्पादकता को बढ़ाने जाने व इसे विकसित करने पर किया जा रहा है. उन्होंने कहा कि जो लोग कंपनी से प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से जुड़े है उन्हें कंपनी प्रबंधन का पूरा सहयोग मिलेगा. उसमें कोई कमी नहीं आयेगी. टाटा स्टील के यूरोप प्लांट के कारोबार पर कहा कि यूरोप में कोई लॉक डाउन नहीं है.वहां ऑटो सेक्टर की कंपनियों में मंदी है.

वहां भी बिक्री में भारी गिरावट आयी है. उन्होंने कहा कि अभी कस्टमर, टेक्नीशियन सबका अभाव है. उत्पादन बढ़ाने के लिए ज्यादा श्रमिक को रख नहीं सकते हैं. उन्होंने कहा कि दो-तीन सप्ताह में बिक्री में भारी कमी आयी है. लेकिन इससे जो लॉंग टर्म प्लानिंग है उसको समय के साथ योजनाओं को पूरा करने का काम चलता रहेगा. उन्होंने कहा कि कच्चे माल को खरीदने के बजाय कच्चे माल का बेहतर उपयोग करने पर ध्यान केन्द्रित करते हुए काम किया है.

### आर वी एस एजुकेशनल ट्रस्ट का मुखिया डॉगा में राशन वितरण

**जमशेदपुर, 11 अप्रैल (रिपोर्टर) :** कोविड 19 संकट के बीच विगत 10 दिनों से देवघर पंचायत के विभिन्न स्थानों पर आरवीएस एजुकेशनल ट्रस्ट, जमशेदपुर की ओर से चावल, आलू, नमक, डिटॉल साबून एवं मास्क का वितरण किया जा रहा है।

आरवीएस एजुकेषनल ट्रस्ट के कोशाध्यक्ष शत्रुघ्न सिंह ने बताया कि ट्रस्ट के चेयरमैन बिन्दा सिंह एवं सचिव भरत सिंह के निर्देष पर खाद्य सामग्री वितरण का कार्य चल रहा है। आज देवघर पंचायत के मुखिया डॉगा मध्यविद्यालय के प्रांगण में तकरीबन 250 जरूतमन्दों के बीच चावल, आलू, नमक का वितरण किया गया।

# जरूरतमंदो की जा रही है सेवा

### जरूरतमंदो तक राशन पहुंचा रहा सुभाष मंच



सुभाष युवा मंच गत 18 दिनों से अनवरत आनंद भोज और फोन पर एक सप्ताह का राशन घर-घर जाकर पारस नाथ मिश्र के नेतृत्व में पहुंचाया जा रहा है. इस क्रम में आज बिरसानगर के मोची बस्ती के लोगों के आग्रह पर लगभग 50 घरों में जाकर उन्हें राशन प्रदान किया.



**आदित्यपुर स्थित औद्योगिक संस्थान आरएसबी ग्रुप की ओर से 'लॉक डाउन' में लोगों को भुख से राहत दिलाने के लिये रोजना लगभग एक हजार लोगों को भोजन कराया जा रहा है. कंपनी के आसपास के क्षेत्र के लोग इससे लाभान्वित हो रहे हैं.**



**सामाजिक संस्था 'समर्पण एक सोच नई दिशा की ओर' द्वारा भुईयाडीह इंदिरा नगर में 300 जरूरतमंदों के बीच दोपहर भोजन वितरित किया गया. मौके पर दीपक कर्मकार, संटू, मंटू, रोहित आदि मौजूद थे.**



**कैप्शन : दया सोशल वेलफेयर ट्रस्ट द्वारा कपाली के हिम्मतनगर बस्ती में नि:शुल्क चिकित्सा शिविर लगाया गया, जिसमें 110 रोगियों का नि:शुल्क इलाज किया गया एवं उन्हें दवाइयां उपलब्ध कराई गयीं. शिविर में डा. हेम्ब्रम, कमला सहित मो. हसन, मो. कलीम का सहयोग रहा.**

### सरयू की पहल पर 5350 लोगों तक पहुंचा भोजन



**जमशेदपुर 11 अप्रैल संवाददाता :** जमशेदपुर पूर्वी के विधायक सरयू राय द्वारा शनिवार को 5350 लोगों तक भोजन पैकेट का वितरण तथा 700 लोगों तक कच्चा राशन सामग्री एवं दूध का वितरण किया गया. शनिवार होने के कारण आज भोजन पैकेट में खिचड़ी दी गई. इसकी देखरेख आशुतोष राय तथा अशोक गोयल कर रहे हैं.

भोजन वितरण पूर्वी विधानसभा में अजय सिन्हा, सुधीर सिंह तथा अमित शर्मा की देखरेख में जबकि पश्चिम विधानसभा में मुकुल मिश्रा की देखरेख में जरूरतमंदों के बीच भोजन तथा राशन का वितरण किया गया. दूसरी ओर जन सुविधा ट्रस्ट एवं भारतीय जन मोर्चा के तत्वावधान में जमशेदपुर पश्चिम के संयोजक मुकुल मिश्रा के नेतृत्व में सोनारी खुंटाडीह एवं उसके आसपास के क्षेत्रों में 25 जरूरतमंद परिवारों के बीच खाद्य सामग्री का पैकेट बनाकर वितरण किया गया.

## हर रोज़ नमन कर रहा हज़ारों जरूरतमंदों की सेवा

### सेवा कार्यों में काले ने जीता शहरवासियों का दिल

अपने सामाजिक दायित्व का निर्वाहन करते हुए नमन परिवार द्वारा स्लम बस्ती, बेघर एवं जरूरतमंद गरीब परिवारों तक अपनी सेवा पहुंचाते हुए प्रतिदिन भोजन वितरित किया जा रहा है. गत 12 दिनों से शहर के विभिन्न क्षेत्रों में भोजन वितरित हो रहा है. नमन के संस्थापक अमरप्रीत सिंह काले ने निर्देश दिया है कि भोजन तैयार करने से लेकर वितरण तक के क्रम में हाईजीन, सोशल डिस्टेंस पर खास ध्यान रखा जाए. इस सेवा कार्य में सेवा देनेवालों में अखिलेश पांडेय, जुगुन पांडे, प्रिंस, घनश्याम भिरभरिया, अभिषेक पांडेय, बिभाष, बिनोद, पिन्टु, शैलेश दोषी, सचिन शर्मा, पिंटू साव, विशाल सिंह, बंटी वर्मा, सूरज चौबे, विवेक कामत, मोहन दास, मार्टिन, शुरू पात्रो, सुदेश मुखी, शशि मुखी, कोला मुखी, जॉनी भुईयां, मनीष कुमार प्रसाद, नंदकिशोर मुंडा, संतोष रजक, शंभू झा, चंदन सिंह, गणेश सिन्हा सहित कई सदस्य शामिल हैं.



**सहयोग के लिए संकोच हटाये, संपर्क करें**

लॉक डाउन बढ़ने की संभावना देखते हुए झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी सम्मेलन के वरीय उपाध्यक्ष अशोक भालोटिया, पूर्वी सिंहभूम जिला मारवाड़ी सम्मेलन के अध्यक्ष उमेश साह एवं जिला महामंत्री अशोक मोदी ने समाज के जरूरतमंद लोगों के लिये हेल्पलाइन नं. जारी करते हुये उनकी अपनी जरूरत अनुसार संपर्क करने की अपील की है. कहा कि इच्छुक व्यक्ति अशोक भालोटिया (9431111981), निर्मल काबरा (9334800505), उमेश शाह (9431111766), अरुण बाकरेवाल (9934308646), बजरंग लाल अग्रवाल (9835135450), अशोक मोदी (9334611701), अरूण गुप्ता (7903955738), नरेश मोदी (9334623504), विजय खेमका (9334604331) तथा रानी अग्रवाल (7909095712) से संपर्क कर सकते हैं.

### कीताडीह के ब्राह्मण परिवारों तक पहुंचा भोजन

अखिल भारतीय ब्राह्मण समाज, बागबेड़ा द्वारा कीताडिह त्रिमूर्ति चौक स्थित संजयनगर एवं बागबेड़ा के विभिन्न बस्तियों में गरीब एवं जरूरतमंदों के बीच कई घरों में भोजन पैकेट का वितरण किया गया. मौके पर समाज के अध्यक्ष डीके मिश्रा, ओम प्रकाश उपाध्याय, गौतम पांडे, विमलेश उपाध्याय, आनंद ओझा, रामनाथ दुबे, उदय मिश्रा, रामकेश ओझा, रामनाथ पांडे, पवन ओझा, रमन खां, भोला पांडे, हृदय आनंद तिवारी आदि मौजूद थे.



### डॉ गोस्वामी के सहयोग से गुड़ाबांदा प्रखंड के विभिन्न गांवों में मोदी आहार का वितरण

**जमशेदपुर 11 अप्रैल संवाददाता :**भारतीय जनता पार्टी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ दिनेशानंद गोस्वामी के सहयोग पर गुड़ाबांदा मंडल भाजपा कार्यकर्ताओं ने आज गुड़ाबांदा प्रखंड के बालीजूडी पंचायत के विभिन्न गाँवों बालीजूडी, नाईकानशोल, हाथीडहर, लड़काबासा तथा बेढ़ापाल के अत्यंत गरीब लोगों के बीच मोदी आहार का वितरण किया गया। उग्रवाद प्रभावित क्षेत्र रहे इस पिछड़े प्रखंड के सुदूरवर्ती इलाके में भाजपा कार्यकर्ताओं ने उत्साह के साथ गरीबों की सेवा में जूटे। गरीब एवं असहाय लोगों को मोदी आहार के रूप में चावल एवं दाल का पैकेट प्रदान किया गया।डॉ गोस्वामी ने पार्टी कार्यकर्ताओं से गाँवों के ऐसे लोगों की सूची बीडीओ को सौंपने का आग्रह किया है जिनके पास राशन कार्ड नहीं है। आज के भोजन सामग्री वितरण में विष्णु नायक, अरिन नायक, चांदराय नायक, गुरुचरण मान्डी, देवाशीष करण, सुबल दास, देवव्रत प्रधान तथा टीपू टुडु का महत्वपूर्ण भूमिका रहा.





### महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बना रही केंद्र सरकार

भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता और वरिष्ठ अधिवक्ता राजेश कुमार शुक्ल ने कहा कि इस वैश्विक महामारी में केंद्र सरकार ने श्री मोदी के नेतृत्व में देश के 20 करोड़ महिलाओं के खाते में 10 हजार करोड़ रुपये भेजा है. इन महिलाओं को तीन महीने तक 500- 500 रुपये मिलेंगे. पहली किस्त बैंको में पहुच चुकी है. श्री शुक्ल ने इसके लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तथा भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा का आभार जताया है. श्री शुक्ल ने कहा कि केन्द्र सरकार गांव में महिलाओं की स्वयंसेवी समूहों को भी पूरी मदद और राहत दे रही है.

### पुलिस जवानों को कराया भोजन

पूर्वी सिंहभूम जिला मारवाड़ी सम्मेलन द्वारा शहर के विभिन्न स्थों में सुरक्षा में तैनात पुलिस जवानों के बीच लगभग 350 भोजन का पैकेट वितरित किया गया. साथ ही कदमा में 150 पैकेट दाल, चावल एवं पानी का वितरण किया गया. इस कार्य में अशोक भालोटिया, उमेश साह, अशोक मोदी, विजय खेमका, अरुण गुप्ता, पंकज छावछरिया, सार्थक अग्रवाल, हरजीत, नरेंद्र, तेजपाल, संतोष अग्रवाल, महावीर गुप्ता ने अपना योगदान दिया.

### शहर के बाहर फंसे अधिवक्ताओं की ली जानकारी



झारखंड स्टेट बार काउंसिल के वाईस चेयरमैन राजेश कुमार शुक्ल ने आज दिल्ली में झारखंड के 10 अधिवक्ताओं से उनका कुशल क्षेम पूछा जो देशव्यापी लॉक डाउन के दौरान वहां फंसे हुए हैं. साथ ही श्री शुक्ल दिल्ली के उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया को इस विषय में अवगत कराया. श्री शुक्ल ने मुंबई में अपने पिता के इलाज के लिए गए गुमला के अधिवक्ता दीपेन माझी का हालचाल जाना तथा फिल्म निर्माता एसके खंडीलकर से मदद कराई. श्री शुक्ल ने कोलकत्ता में विधान पार्षद और बार कौंसिल ऑफ इंडिया के सदस्य अशोक देब से बात कर बुंडू के अधिवक्ता रविकांत महतो को भी हर मदद कराई. उन अधिवक्ताओं को सहयोग करनेवाले सभी लोगों के प्रति श्री शुक्ल ने आभार जताया है.

### साकची महालक्ष्मी मंदिर में बंटा राशन




अग्रवाल युवा मंच की ओर से आज जरुरतमंद लोगों को साकची स्थित सत्यनारायण मारवाड़ी ठाकुरबाड़ी महालक्ष्मी मंदिर के समीप राशन सामग्री उपलब्ध कराया गया. इस दौरान अमित अग्रवाल, सन्नी संघी, आकाश शाह, सुमित अग्रवाल, लक्ष्मीकांत खीरवाल, गौरव बरवालिया, प्रमोद अग्रवाल, गौरव अग्रवाल सहित अन्य उपस्थित थे.

# सफाईकर्मियों पर थूकने के बाद अब सर्वे करने पहुंची टीम को खदेड़ा, फॉर्म फाड़े

**रांची ,11 अप्रैल (ईएमएस):** कोविड-19 महामारी को लेकर लोगों के स्वास्थ्य का सर्वे करने गई सहिया (आशा कार्यकर्ता) से प्रपत्र लेकर फाड़ दिया गया। स्वास्थ्य सहिया सुमित्रा देवी शुक्रवार को क्षेत्र की बजरमारा बस्ती में लोगों के स्वास्थ्य का सर्वे करने गई थीं। गांव में घूम-घूम कर वह सर्वे कर प्रपत्र (फॉर्म) भर रही थीं। इस दौरान गांव के नसीम अंसारी व समसुद्दीन अंसारी (पिता कमरूद्दीन अंसारी) तथा भुसरी खातून ने भरे हुए फॉर्म उससे ले लिए। कुछ देर बाद सहिया ने मांगा, तो कहा कि उसे फाड़ दिया गया है।

सहिया ने बताया है कि एक विशेष समुदाय द्वारा सर्वे करने व फॉर्म भरने में सहयोग नहीं किया जा रहा है। सहिया द्वारा बीडीओ कुमार अभिनव स्वरूप, सीओ शिवशंकर पांडेय व ओरमांझी थाने के प्रभारी श्याम किशोर महतो से इसकी शिकायत कर फॉर्म फाड़ने वालों पर कार्रवाई करने की मांग की है। इस पर अधिकारियों ने कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है।

### क्या है फॉर्म में

कोरोना वायरस के संक्रमण से होने वाली कोविड-19 बीमारी के फैलाव को रोकने के लिए स्वास्थ्य सहियाओं को क्षेत्र के लोगों के स्वास्थ्य, सूखी खांसी, बुखार, सर्दी व सांस लेने में तकलीफ के लक्षण का सर्वे करने को कहा गया है। साथ ही, होम क्वारंटाइन किए लोगों की दैनिक निगरानी करने व कोई लक्षण मिलने पर सूचना देने के लिए कहा गया है। इसी के तहत स्वास्थ्य सहिया अपने निर्धारित क्षेत्र में लगातार घूमकर सर्वे व अन्य कार्यों को निष्पादित कर रही हैं।

## एजाजुल और मुख्तार अंसारी ने फेसबुक पर किया आपत्तिजनक पोस्ट, पुलिस ने भेजा जेल

**गढ़वा ,11 अप्रैल (ईएमएस):** गढ़वा में तीन लोगों को सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट करना मंहगा पड़ गया। गढ़वा पुलिस ने फेसबुक पर आपत्तिजनक पोस्ट करने के आरोप में तीन लोगों को गिरफ्तार कर शनिवार को जेल भेज दिया है। जिन लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है उनमें सदर थाना क्षेत्र के चिरौंजिया गांव निवासी एनुल अंसारी के पुत्र एजाजुल अंसारी व खुर्शीद आलम के पुत्र मुख्तार अंसारी तथा पलामू जिले के उंटारी रोड थाना क्षेत्र के करकट्टा गांव निवासी राजकुमार कुशवाहा के पुत्र कोरिल कुमार उर्फ सुरेंद्र प्रसाद कुशवाहा का नाम शामिल है। इंस्पेक्टर सह सदर थाना प्रभारी ने रमोद कुमार सिंह ने बताया कि उक्त तीनों अभियुक्तों की गिरफ्तारी उनके घर से की गई है।

# महिलाओं और बच्चों को इक्ट्ठा कर कांग्रेस विधायक ने बांटे रुपए, वीडियो वायरल

## रुपए बांटने के दौरान सोशल डिस्टेंसिंग और धारा 144 का किया गया उल्लंघन

**रांची/जामताड़ा ,11 अप्रैल (ईएमएस):** करमाटांड प्रखंड क्षेत्र के बिराजपुर पंचायत के मोहनपुर गांव में के विधायक डॉक्टर इरफान अंसारी द्वारा लोगों के बीच रुपए बांटने का वीडियो वायरल हो रहा है। वायरल वीडियो में जामताड़ा विधायक महिलाओं और बच्चों को रुपए बांटते दिख रहे हैं। इस दौरान उनके साथ पुलिस पदाधिकारी भी मौजूद दिख रहे हैं। हालांकि लॉकडाउन में जरुरतमंदों की मदद करना अच्छी बात है लेकिन वीडियो के वायरल होने के बाद सवाल उठने शुरूहो गए हैं कि महिलाओं और बच्चों की भीड़ जुटाकर रुपए बांटना कितना उचित है?

इस संबंध में भाजपा नेता सोमनाथ सिंह व सुभाष साव ने कहा कि विधायक व पुलिस पदाधिकारी द्वारा धारा 144 का उल्लंघन करते हुए, रुपए बांटने का कार्य किया गया है। उन्होंने कहा कि एक तरफ पूरी दुनिया के लोग कोरोनावायरस की चपेट में आने से बच रही हैं। वहीं दूसरी तरफ बिना सोशल डिस्टेंस का पालन करते हुए, विधायक द्वारा यह कार्य किया गया।

### हो सकता है खतरा

भाजपा नेताओं ने कहा कि एक विधायक द्वारा इस तरह की गलती करना सही नहीं है। प्रशासन को इन सब बातों पर ध्यान देने की जरूरत है। कई लोग राशन वितरण में भी इस तरह की गड़बड़ियां कर रहे हैं। इस तरह के कार्यक्रमों में यदि सावधानियां नहीं बरती गई तो लोगों को खतरा हो सकता है। यदि उनके बीच कोई संक्रमित व्यक्ति रहे तो कोरोना का संक्रमण फैल सकता है।

### महिलाओं और बच्चों की भीड़ लगा इरफान अंसारी का 10-10 के नोट बांटना शर्मनाक : भाजपा

इधर, भाजपा ने कहा है कि गरीब महिलाओं और बच्चों की भीड़ लगाकर कांग्रेस विधायक इरफान अंसारी द्वारा उनके बीच 10-10 रुपए के नोट बांटा जाना शर्मनाक है। पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने शनिवार को जारी बयान में कहा कि इरफान अंसारी खुद पेशे से एमबीबीएस डॉक्टर हैं। बावजूद इसके उन्होंने संक्रमण के फैलने से बचने के लिए बनाए गए मापदंडों की धज्जियां उड़ाई। यह पूरा वाकया दिखाता है कि कांग्रेस गरीबों के साथ कैसे क्रूर मजाक कर रही है। विधायक ने सिर्फ 10 रुपए के नोटों को बांटने के लिए सैकड़ों गरीबों की जिंदगी खतरे में डाल दी। प्रतुल ने कहा कि पूरे देश में महामारी से संबंधित कानून के कड़े प्रावधान लागू हैं। इस समय सीधे उपायुक्तों और प्रशासन की जिम्मेदारी बनती है कि वे ऐसा काम करने वाले विधायक के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करें।

झारखंड में गठबंधन सरकार में विधायक इरफान अंसारी का अहम रोल है। इन्हीं के सरकार द्वारा बनाए गए कानून एवं लगाए गए 144 धारा का उल्लंघन करते हुए देखा गया। कहा कि करमाटांड़ के थाना प्रभारी की उपस्थिति में बिना सोशल डिस्टेंस का पालन करते हुए विधायक द्वारा रुपये बांटने का कार्य किय गया है। यह पूरी तरह से सोशल डिस्टेंसिंग का उल्लंघन है, ऐसा नहीं करना चाहिए था।

# यदि लॉकडाउन और दूसरे उपाय नहीं आजमाते तो कोरोना संक्रमण के दो लाख मामले होते : केंद्र

**नई दिल्ली ,11 अप्रैल (ईएमएस):** केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा है कि कोरोना के खिलाफ लड़ाई में लॉकडाउन और रोकथाम के दूसरे उपाय बेहद मायने रखते हैं। यदि सरकार ने कोई कदम नहीं उठाया होता है तो इस समय देश में कोरोना संक्रमण के लगभग दो लाख मामले होते। वहीं केंद्रीय गृह मंत्रालय ने सभी राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों को निर्देश दिया है कि वे अस्पतालों और क्वारंटाइन केंद्रों में काम कर रहे डॉक्टरों व अन्य मेडिकल स्टाफ को पुलिस सुरक्षा मुहैया कराएं।

स्वास्थ्य मंत्रालय के संयुक्त सचिव लव अग्रवाल ने शनिवार को अपनी रोजाना प्रेस कांफ्रेंस में कहा कि यदि लॉकडाउन नहीं लगाया गया होता तो अब तक देश में कोरोना संक्रमण के 45 हजार केस होते और यदि कोई एहतियात नहीं बरती जाती तो मरीज बढ़कर दो लाख हो गए होते। देश में 586 अस्पताल हैं जो कि कोरोना वायरस के संक्रमण के मरीजों के इलाज के लिए निर्धारित किए गए हैं।

केंद्रीय गृह मंत्रालय की संयुक्त सचिव पुण्य सलिला श्रीवास्तव ने अपनी रोजाना प्रेस कांफ्रेंस में बताया कि लॉकडाउन का सख्ती से पालन कराया जा रहा है। कल मंत्रालय ने डिजास्टर मैनेजमेंट एक्ट के तहत जो गाइडलाइन जारी की थी उसमें एक राहत प्रदान की गई है। गाइडलाइन में फर्शिंग मरीन एवं मछली पालन उद्योग को लॉकडाउन के प्रतिबंधों से राहत प्रदान की गई है। पुण्य सलिला श्रीवास्तव ने बताया कि केंद्रीय गृह मंत्रालय की ओर से जो राहत दी गई है उसमें मछली पालन उद्योग से जुड़े ऑपरेशनों जैसे सेलगिं, मार्केटिंग, पैकेजिंग आदि की इजाजत होगी लेकिन इसके लिए सोशल डिस्टेंसिंग का अनुपालन भी अनिवार्य होगा। वहीं लव अग्रवाल ने बताया कि देश में अब तक 642 लोग कोरोना संक्रमण से ठीक हो गए हैं। कल 40 लोगों की मौत हुई थी। अब तक कोरोना के 7447 केस सामने आए हैं और कुल 239 लोगों की मौत हुई है।

उल्लेखनीय है कि भारत में कोरोना संक्रमण को फैलने से रोकने के लिए लगाए गए देशव्यापी लॉकडाउन को बढ़ाने या रियायत देने को लेकर केंद्र सरकार मंथन कर रही है।


# उत्पाद विभाग व पुलिस ने छापेमारी कर अवैध शराब पकड़ा, कारोबारी गिरफ्तार

**चतरा ,11 अप्रैल (ईएमएस):** चतरा. पत्थलगडा में उत्पाद विभाग और पुलिस ने संयुक्त रूप से छापेमारी अभियान चलाकर कई अवैध शराब की भट्ठियों को नष्ट कर दिया। पुलिस ने ग्राम सिंघानी व शीतलपुर में छापेमारी अभियान चलाया। शीतलपुर में प्रेम दांगी व घनश्याम साव, सिंघानी में सीताराम रजक व वंशी बैठा के घर पर्याप्त मात्रा में महुआ शराब, शराब बनाने में प्रयुक्त सामान व महुआ जावा बरामद हुआ।

पुलिस ने जावा और महुआ शराब को सड़क पर बहा दिया। कारोबारी सिंघानी के सीताराम रजक को गिरफ्तार कर उत्पाद विभाग चतरा ले गई है। उत्पाद विभाग के इंस्पेक्टर निर्मल मरांडी और पत्थलगडा थाना प्रभारी निरंजन कुमार मिश्रा के नेतृत्व में की गई छापेमारी व कार्रवाई से अवैध शराब बेचने वालों में हड़कंप मचा हुआ है।

थाना प्रभारी निरंजन कुमार मिश्रा ने बताया कि लॉकडाउन में शराब का कारोबार करने की सूचना मिल रही थी। सूचना के बाद त्वरित कार्रवाई करते हुए अवैध महुआ शराब व महुआ के जावा को नष्ट किया गया है। उन्होंने कहा कि लॉकडाउन में अवैध कारोबार करने वालों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा।

# फांसी लगाकर युवक ने की आत्महत्या, 10 दिन पहले पत्नी बच्ची को लोकर चली गई थी मायके



**देवघर ,11 अप्रैल (ईएमएस):** जसीडीह थाना क्षेत्र के रोहिणी आजानटोला गांव निवासी 25 वर्षीय युवक रुपेश दास ने शनिवार को फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। वह शुक्रवार को ही अपने ससुराल से लौटा था। जहां ससुरालवालों ने पत्नी और दो माह की बच्ची का विदाई नहीं किया। इसी को लेकर वह तनाव में था।

मृतक रुपेश दास के पिता केटकु दास ने बताया कि उसके बेटे की पत्नी 10 दिन पूर्व मधुपुर थाना क्षेत्र के भेड़वा गांव स्थित अपने मायके चली गई थी। शुक्रवार को वह पत्नी व दो माह की बच्ची को लाने बाइक से ससुराल गया था। उसने अपने सास-ससुर से विदाई की बात की तो उसी को लेकर नोंकझोंक हो गया। ससुराल में राजेन्द्र दास उर्फ बूटी दास, मुकेश दास, बासू दास और सुनीता देवी ने उसके बेटे के साथ मारपीट व दुर्व्यवहार किया।

केटकु दास ने बताया कि नोकझोक के बाद मेरी बहू रुपेश के साथ नहीं आई। इस कारण उसका बेटा मानसिक तनाव में था। इसी तनाव के कारण उसने घर में बारामदे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। जिस समय उसने फांसी लगाई उस समय घर के सभी लोग बाहर गए हुए थे। लौट कर वापस आए तो देखा कि उसका शव लटक रहा था। फिर इसकी सूचना पुलिस को दी।

इसके बाद जसीडीह पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मामले की छानबीन की। जसीडीह थाना प्रभारी डीएन आजाद ने बताया कि प्रथम दृष्टया यह मामला आत्महत्या का लग रहा है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही इसका सही से खुलासा हो पाएगा। फिलहाल कुछ भी कहना जल्दबाजी होगा।

# सरयू राय ने देखी रामायण तो याद आ गई भाजपा

## कहा-श्री राम शरणम जय हनुमान जी

**जमशेदपुर 11 अप्रैल संवाददाता :** झारखंड के पूर्व मंत्री सह जमशेदपुर पूर्वी के निर्दलीय विधायक सरयू राय लॉकडाउन का पूरा पालन कर रहे हैं। वे रांची आवास से ही अपने विधानसक्षा क्षेत्र पर नजर बनाए हुए हैं और फुर्सत के समय डीडी वन पर फरि से प्रसाारित हो रहा रामायण सीरियल देख रहे हैं। गुरुवार को उन्होंने रावण-विभीषण का संवाद देखा तो फिर से एक बार उन्हें भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की याद आ गई।

इसके बाद उनसे रहा नहीं गया। सोशल मीडिया पर अपने मन की बात को साझा किया। फेसबुक व ट्विटर पर उन्होंने लिखा -फुर्सत पाकर आज डीडी पर रामायण देखा। पूरा सीरियल रावण-विभीषण संवाद पर केंद्रित था। इसे देख-सुनकर झारखंड में विगत पांच साल में सत्ता और जनता (भाजपा कार्यकर्ता, पदाधिकारी-विधायक-मंत्री सहित) की स्थिति की याद हो आई। कितना साम्य है। विनाश काले विपरीत बुद्धि। श्रीराम शरणम्, जय हनुमान जी।

**टिकट काटे जाने पर भाजपा से अलग हुए थे सरयू**

सरयू राय भाजपा के कद्दावर नेता थे। लेकिन, विधानसभा चुनाव - 2019 में पहले टिकट होल्ड पर रखे जाने और फरि टिकट कटने की आशंका से नाराज होकर और पार्टी से इस्तीफा दे दिया। साथ ही उन्होंने अपनी पश्चिमी विधानसभा सीट छोड़कर तत्कालीन मुख्यमंत्री रघुवर दास को चुनौती दे दी और बतौर निर्दलीय उनको 15833 वोटों से हरा भी दिया। इसके बाद उनकी पहचान एक राष्ट्रीय नेता के रूप में होने लगी है। चुनाव में उनका सर्मथन बिहार के मुख्यमंत्री नितिश कुमार ने भी किया था।

# कोरोना वायरस का साइड इफेक्ट

## 36 वर्षों में पहली बार,वीरान औद्योगिक क्षेत्र



**गम्हरिया 11 अप्रैल संवाददाता :** सरायकेला खरसावां जिला में आज तक कोई भी व्यक्ति कोरोना वायरस पोजेटिव नहीं पाया गया है। कारखाना निरीक्षक मनीष के अनुसार भारत सरकार के द्वारा निर्देशित वैसे ही कम्पनियों को चलाने का आदेश दिया गया है। वैसे कम्पनियों का निरीक्षण प्रतिदिन श्रम अधिक्षक राकेश सिन्हा की विभाग कर रही है। औद्योगिक क्षेत्र बन्द होने से कर्मचारी व कारखाना अधिकारी जिनका होम लोन,गाड़ी लोन, क्रेडिट कार्ड लोन है उनका परेशान होना लाजिमी है। वैसे मजदूर जिनका राशन खत्म हो गया है,और पैसा नहीं है, जो दुकानदार राशन देता था वह बन्द है, भाड़ा में रहते हैं, उनके पास राशनकार्ड भी नहीं है, वैसे परिवारों को गम्हरिया प्रखण्ड विकास पदाधिकारी ठाकुर गौरीशंकर शर्मा ने राशन उपलब्ध करवाया। उन्होंने कहा पहले इंसानियत है बात में सरकार को हिसाब देगें।

इस औद्योगिक क्षेत्र में स्थापित कम्पनियों के कारण अप्रत्यक्ष रूप से जीवन व्यतीत करने वाले ट्रक ड्राईवर, खलासी, छोटे-छोटे होटल, ठेला वाले, खोमचा वाले, चाय वाले व सभी के परिवार आज परेशान व बेहाल है क्योंकि इनके पास राशनकार्ड नहीं है, जो प्रतिदिन कमाते ओर खाते थे उनका बुरा हाल है. पिछले 36 वर्षों में पहली बार औद्योगिक क्षेत्र को बन्द देखा गया। जिसे सभी भगवान लक्ष्मी का केन्द्र कहते हैं। आज सुनसान व विरान देखा जा रहा है।

# ज्योतिष के अनुसार 17 अप्रैल के बाद कम होने लगेगा कोरोना का कहर : राजेश भारती



**जमशेदपुर, 11 अप्रैल :** शहर के प्रख्यात ज्योतिष राजेश भारती ने कहा है कि कोरोना का प्रकोप 17 अप्रैल से कम होना शुरू होगा और 17 मई तक यह कुछ कम हो जाएगा. मई जून आते-आते इसमें और कमी आएगी.

उन्होंने कहा कि सितंबर तक इसका प्रभाव रहेगा लेकिन इस बीच भारतीयों ने इससे लड़ने की क्षमता इतनी बढ़ जाएगी की इसका प्रभाव लगभग खत्म सा हो जाएगा. उन्होंने कहा कि भारत का सौभाग्य है कि यहां सूर्य, मंगल, चंद्रमा और बृहस्पति की विशेष कृपा है. इनका संबंध गुड़, सौठ, अजवाईन, पानी और हल्दी से है. इन पंच मित्रों का जो कोई सेवन करेगा उनकी इम्युनिटी बढ़ेगी और वह रोग से लड़ने की क्षमता विकसित करेगा. उन्होंने कहा कि चैत्र में इस तरह की बीमारी का प्रकोप हमारे यहां होता रहता है. इस तरह की बीमारी से डरने की नहीं लड़ने की जरूरत है.

लड़ने का मतलब यह है कि अपना इम्युन सिस्टम बढ़ाए. भारत में विटामिन सी और विटामिन डी की की भी कमी नहीं होती है. जिस देशों में कोरोना का प्रकोप देखा जा रहा है इन विटामिनों की कमी है. उन्होंने कहा कि सूर्य की गर्मी शरीर पर पड़ने से कई तरह की बीमारियों खुद व खुद खत्म होती है. जितना अधिक पसीना निकलनेगा उतना लाभकर होगा. इम्युन सिस्टम बढ़ने का यह फायदा होगा कि कोरोना होने पर भी बीमारी 3-4 दिन में ठीक हो जाएगी. उन्होंने कहा कि ज्योतिष के अनुसार आने वाले सालों में भी भारत की वित्तीय स्थिति काफी मजबूत हो जाएगी. श्री भारती ने दावा किया कि जनवरी में यहां हुए ज्योतिष सम्मेलन में उन्होंने कहा था कि 2020 में देश के सामने बड़ा संकट आने वाला है.

## अनिल शर्मा द्वारा अनाज का वितरण

**जमशेदपुर, 11 अप्रैल :** लॉक डाउन के मद्देनजर, बिरसानगर जो नंबर 1बी में , अनिल शर्मा (अधिवक्ता )के द्वारा सुखा अनाज वितरित किया गया,इस मौके पर अनिल शर्मा की टीम के मेंबर ,अभय, शंकर, अजीत, रवि आदि उपस्थित थे.

# बोकारो में कोरोना के नए मरीज की पहचान नहीं 63 ब्लड सैंपल भेजा गया 54 का रिपोर्ट आना बाकी

## बोकारो जनरल अस्पताल के अनुबंध कर्मचारियों ने काम करने से किया इनकार

**बोकारो 11 अप्रैल :** शनिवार का दिन बोकारो के लिए बेहतर दिन साबित हुआ क्योंकि को कोरोना का कोई नया मरीज सामने नहीं आया शुक्रवार की देर रात जो रिपोर्ट आई सभी नेगेटिव थी हालांकि शनिवार को 63 ब्लड सैंपल जांच के लिए रांची भेजा गया जो सबसे अधिक है वहीं दूसरी ओर 54 रिपोर्ट अभी भी पेंडिंग है जिसमें कुछ रिपोर्ट आज देर रात तक आने की संभावना है जांच के क्रम में यह बात भी उभर कर सामने आ गई सामने आ गई बोकारो में जो 6 मामले आए मामले आए हैं सभी मामले तबलीगी जमात से जुड़े हुए हैं गोमिया प्रखंड के जिस बुजुर्ग की मौत हुई थी वह मरकज से लौटे जमात के लोगों से मिलने जिले के चंदपुरा प्रखंड के तेलुगु गांव गए थे इस बात का खुलासा मृतक के पुत्र ने की है बोकारो जिले में कुल 6 लोगों की पहचान हुई थी जिसमें एक बुजुर्ग की मौत हो गई एवं पांच का इलाज बोकारो में चल रहा है सभी तबलीगी चल रहा है सभी तबलीगी जमात से जुड़े हुए हैं एवं आपस में रिश्तेदार होने के साथ-साथ बोकारो जिले के चंद्रपुरा प्रखंड के तेल लो गांव के रहने वाले ह. बुजुर्ग जिनकी मौत हुई है उनके परिजनों का रिपोर्ट अभी नहीं आ पाया है बोकारो जनरल अस्पताल के डॉक्टर पारा मेडिकल मेडिकल पारा मेडिकल है बोकारो जनरल अस्पताल के डॉक्टर पारा मेडिकल मेडिकल पारा मेडिकल अस्पताल के डॉक्टर पारा मेडिकल मेडिकल स्टाफ एवं बुजुर्ग के परिजनों का रिपोर्ट जांच के लिए रांची भेजा गया है वहीं दूसरी ओर बोकारो जनरल अस्पताल के अनुबंध कर्मियों ने सुरक्षा उपकरणों के अभाव का हवाला देते हुए शनिवार को काम करने से इंकार कर दिया एवं काफी प्रतिरोध भी भी किया जिसके कारण अस्पताल के कामकाज में बाधा उत्पन्न हुई उन्हें मनाने के काम चल रहा है उनका कहना है कि उन्हें सुरक्षा उपकरण नहीं दिया जा रहा है जबकि अधिक से अधिक काम उनसे काम उनसे ही लिया जा रहा है प्रशासन ने सजगता एवं सत्र का बढ़ा दी है चंद्रपुरा प्रखंड के तेलों गांव गांव के साथ-साथ आसपास के क्षेत्रों को पूरी तरह सील कर दिया गया है .

# दो महीने का स्कूल फीस और वार्षिक शुल्क माफ करने की मांग



**जमशेदपुर, 11 अप्रैल (रिपोर्टर) :** निजी स्कूलों में पढ़ रहे बच्चों के अभिभावकों के पक्ष में कांग्रेस ने भी आवाज उठाने शुरू किये है. जिला कांग्रेस के पूर्व महासचिव रजनीश सिंह ने सीबीएसई, आईसीएसई और जैक बोर्ड से मान्यता प्राप्त स्कूलों से दो महीने का स्कूल फीस और वार्षिक शुल्क माफ करने की मांग की है. रजनीश ने कहा कि लॉकडाउन के कारण मध्यमवर्गीय परिवारों की आर्थिक स्थिति बुरी तरह से प्रभावित हुई है. फीस चुकाने के लिए जमशेदपुर के कई प्राइवेट स्कूलों की ओर से अभिभावकों को मैसेज भी भेजे जा रहे हैं. राज्य के शिक्षा मंत्री के आदेशों की अनदेखी कर कई बड़े स्कूल इस संकट की स्थिति में भी संवेदनशील नहीं है. कांग्रेस नेता रजनीश सिंह ने राज्य के मुख्यमंत्री और जिले के उपायुक्त से इस मामले में त्वरित हस्तक्षेप कर उचित आदेश जारी करने की मांग उठाई है.

## पारिवारिक विवाद को लेकर मारपीट ,जेल

**जमशेदपुर 11 अप्रैल संवाददाता :**गोविन्दपुर पुलिस ने बाला जी नगर निवासी शंकर प्रसाद पर जान लेवा हमला करने के मामले में भाई सुधीर प्रसाद को जेल भेजा है.उक्त मामले में हरिशंकर प्रसाद के बयान पर गोपाल प्रसाद,सुधीर प्रसाद के खिलाफ जान मारने की नियत से हमला करने का मामला दर्ज किया गया है.मिली जानकारी के अनुसार यह घटना परिवारिक विवाद को लेकर भाईयों के बीच हुयी जिसमें लाठी डंडा से हमला कर जख्मी कर दिया था.

## घाटशिला मे नाबालिग ने की आत्महत्या

**जमशेदपुर 11 अप्रैल संवाददाता :**घाटशिला में 13 वर्ष की नाबालिग बच्ची ने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली .परिजनों के बयान पर अस्वाभिक मौत का मामला दर्ज कर शव को पोस्टमार्टम के लिये भेजा गया है .बताया जाता है की रात में दुप्पटा के सहारे आत्महत्या की है सुबह में परिवार के लोगो ने देखा तो पुलिस को सुचना दी गयी पुलिस पहुंची व शव का पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिये भेजी ,कारणों का पता नहीं चल पाया है.

# लॉकडाउन में बाहर निकलना चाह रहा था पति, पत्नी ने की जान देने की कोशिश

**जमशेदपुर 11 अप्रैल संवाददाता :** कोरोना वायरस को लेकर चल रहे लॉकडाउन में घर से निकलने को लेकर पति व पत्नी के बीच ऐसा झगड़ा हुआ कि पत्नी ने खुद को आग लगा लिया और जान देने की कोशिश की। यह घटना शनिवार की सुबह लगभग सात बजे पूर्वी सिंहभूम के घाटशिला अनुमंडल अंतर्गत युक्तिडीह गांव में घटी।

### चार साल पहले हुई थी शादी

घटना के विषय में विवाहिता के पति सुनील सिंह ने थाना के एसआई रमेश महतों को अपने बयान में बताया कि दोनों की शादी चार साल पहले हुई थी। पत्नी का मायके पटमदा प्रखंड के बेलटाड़ पंचायत के चुरकुंडी गांव में है। उनका दो साल का एक लड़का है। कई दिनों से पत्नी की मानसिक स्थिति सही नहीं रह रही है। आज सुबह जब मैंने अपनी पत्नी से कहा कि पास के खेत से मिट्टी लाने जा रहा हूं। घर की दीवारों पर लगाना है तो क्रोधित होकर वह मुझसे कहने लगी कि कोरोना संक्रमण के मद्देनजर सरकार ने घर से निकलने से मना किया है। इसी बात पर हम दोनों में बहस हो गई। तभी अचानक मेरी पत्नी घर के अंदर प्रवेश करते हुए दरवाजा बंद कर आत्महत्या करने का प्रयास किया।

इधर घटना के विषय में जिला परिषद सदस्य देव्यानी मुर्मू ने संवेदना व्यक्त करते हुए कहा यह घटना काफी मर्माहत करने वाली है ऐसे विषम परिस्थिति में पीड़ित परिवार के सदस्यों को हर संभव सहयोग किया जाएगा। फिलहाल घटनाक्रम के विषय में प्रशिक्षु आईपीएस मनोज स्वर्णयग्यार ने बताया कि अभी तक थाना में कोई लिखित शिकायत दर्ज नही कराई गई है। घटना को संदेह के घेरे में लेते हुए पुलिस प्रशासन अपने स्तर से जांच पड़ताल कर रही हैं।

### आग बुझाने की कोशिश में पति के साथ सास व बच्चा भी झुलसा

शनिवार सुबह लगभग सात बजे यह पारिवारिक विवाद हुआ। इसके बाद विवाहिता सुमित्रा सिंह (21 वर्ष) ने घर के अंदर अपने शरीर पर मिट्टी तेल छिड़ककर आग लगाते हुए आत्महत्या करने का प्रयास किया। इस दौरान आग बुझाने के क्रम में पति सुनील सिंह, सास सुबोधिनी सिंह समेत दो साल का मासूम बच्चा भरत सिंह गंभीर रूप से झुलस गए।

ग्रामीणों की सहयोग से सरकारी 108 एम्बुलेंस की सहायता से सभी घायलों को इलाज के लिए अनुमंडल अस्पताल लाया गया। यहां प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी शंकर टुडू ने सभी घायलों का प्राथमिक उपचार करते हुए सास सुबोधिनी सिंह, बहू सुमित्रा सिंह एवं दो साल के मासूम बच्चे की नाजुक स्थिति को देखते हुए जमशेदपुर स्थित एमजीएम अस्पताल रेफर कर दिया। महिला के पति शुनील सिंह इलाज अनुमंडल अस्पताल में ही किया जा रहा है। घटनाक्रम में विवाहिता सुमित्रा सिंह बुरी तरह झुलस गई है वहीं पति सुनील सिंह दो साल का मासूम बच्चा भरत सिंह का दाहिना हाथ एवं सास सुबोधिनी सिंह की बांया हाथ आग से झुलसा है।

# अनियमितता करने वाले राशन डीलरों पर जिला प्रशासन करेगा सख्त कार्रवाई

### एक राशन दुकान पर निलंबन कार्रवाई, तीन को शोकॉज

**सरायकेला संवाददाता, 11 अप्रैल:** कोरोना वायरस (कोविड-19) के संक्रमण से बचाव को लेकर जिला प्रशासन प्रत्येक आवश्यक कदम उठा रही है, साथ ही लॉक डाउन को लेकर कोई भूखा न रहे एवं खाद्य सामग्रियों की कालाबाजारी या जमाखोरी न हो इस पर भी नजर रखी जा रही है। इसी क्रम उपायुक्त के निर्देशानुसार जिले वासियों को खाद्यान्न उपलब्ध कराने का कार्य तेजी से चल रहा है। कई माध्यमों से लाभुक एवं जरूरतमंद व्यक्तियों तक राशन/खाद्यान्न पहुंचाई जा रही है, ताकि किसी भी व्यक्ति को खाने से संबंधित कोई कठिनाई नहीं हो। सरायकेला जिला प्रशासन की टीम कालाबाजारी, जमाखोरी, अनियमितता एवं निर्धारित दर से ज्यादा कीमत ग्राहकों से वसूलने वालों पर पैनी नजर रखे हुए है। शनिवार को जिला आपूर्ति पदाधिकारी श्रीमती प्रियंका सिंह



द्वारा राज्य खाद्य निगम के सरायकेला प्रखंड गोदाम एवं, सरायकेला नगर पंचायत क्षेत्र, के जन वितरण प्रणाली दुकानदार राघव प्रसाद साहू, पवन कुमार साहू, जय मा तारनी स्वयं सहायता समूह एवं शंकर साहू का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम में जय मा तारनी स्वयं सहायता समूह का दुकान बंद पाया गया। पूर्व में भी इस दुकानदार के विरुद्ध दुकान बंद रखने एवं वितरण में अनियमितता की शिकायतें आती रहती थी। प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी सरायकेला द्वारा जय मा तारनी स्वयं सहायता समूह जन वितरण प्रणाली दुकानदार को चार बार चेतावनी दी जा चुकी है। उक्त क्रियाकलाप के आलोक में जय मा तारनी स्वयं सहायता समूह को निलंबित किया गया है। एवं शेष तीनों दुकानदारों को स्पष्टीकरण की मांग की गई है। राज्य खाद्य निगम के प्रखंड गोदाम में खाद्यान्न की अनलोडिंग हो रही थी एवं डोर स्टेप डिलीवरी परिवहन तथा हाथलन अभिकर्ता के द्वारा खाद्यान्न का परिवहन किया जा रहा था। सहायक गोदाम प्रबंधक एवं डोर स्टेप डिलीवरी परिवहन संचालन अभिकर्ता उपस्थित थे।


## प्रधान सत्र न्यायाधीश के निर्देश पर जरूरतमंदों के बीच अनाज वितरण



**चांडिल संवाददाता, 11 अप्रैल:** ईचागढ़ प्रखंड क्षेत्र के गौरांगकोचा व दालग्राम मे शनिवार को प्रधान जिला व सत्र न्यायाधीश सह जिला विधिक सेवा प्राधिकार के अध्यक्ष शिवशरण दुबे के निर्देश पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव कुलदीप मान ने पीएलवीयों के साथ बृद्ध, विकलांग व जरूरतमंदों के बीच चावल दाल आदि अनाज का वितरण किया. मौके पर बीडीओ सत्येन्द्र महतो, सीओ अभिषेक कुमार, पीएलवी कार्तिक गोप आदि उपस्थित थे.

## संक्षिप्त

### जंगली हाथी ने चांडिल व ईचागढ़ में तोड़ा घर, खाया धान



**चांडिल :** ईचागढ़ प्रखंड क्षेत्र के रुगडी व चांडिल प्रखंड के काशीडीह टोला मुकरुमडीह में शुक्रवार देर रात करीब एक बजे झुंड से बिछडे एक जंगली हाथी ने सिंहराज महतो एवं अजित मांझी के घर को तोड कर अंदर रखे करीब पांच क्युंटल घान को आहार बनाया. वहीं गांव के ही कालीपद महतो व विष्णु मुंडा का घर में रखे चावल और आलु को चट किया. वहीं रंजीत महतो व गुरुपदो महतो का लौकी व भिंडी व कटहले को खा गया. इस खबर की सूचना मिलते ही समाजसेवी किरिटि महतो व पंसस गुरुचरण साव पीड़ितो के घर पहुंचे और वन विभाग से बात कर मुआवाजा दिलाये जाने का आश्वासन दिया. साथ ही उन्होंने वन विभाग से जल्द पंचायत में हाथी भगावो दास्ता बनाने की मांग भी किया. मालुम हो कि पिछले कई दिनों से कुकड़ू, ईचागढ़ व चांडिल प्रखंड क्षेत्र में शाम ढलते ही जंगली हाथी का उत्पात हो रहा है.

### पंचायत राज पदाधिकारी ने किया अक्षया सामुदायिक किचन का निरीक्षण



**चांडिल :** ईचागढ़ थाना के टीकर पंचायत सचिवालय मे चलाए जा रहे अक्षया सामुदायिक किचन का शनिवार को जिला पंचायत राज पदाधिकारी डी लकड़ा, सीओ अभिषेक कुमार व बीडीओ सत्येन्द्र महतो ने निरीक्षण किया. पदाधिकारियों ने साफ सफाई, हाथ धुलाई, एवं शोसल डिस्टेंस का भी जायजा लिया. पदाधिकारीयों ने खाना खाने वालों से भी खाना के बारे पुछताछ किया. मौके पर पुलिस इंस्पेक्टर राजेन्द्र प्रसाद महतो, एएसआई उदय सिंह, ब्रीजनंदन प्रसाद, लुकेश गोप उपस्थित थे.

### सितु बजार समाजिक दुरी का उलंघन



**चांडिल :** ईचागढ़ प्रखंड क्षेत्र के सितु सब्जी मार्केट मे शनिवार को लोगों का हुजूम उमङ पडा. मार्केट में लोगों ने समाजिक दुरी का खुल्लमखुल्ला उलंघन करते देखे गये. लोगों को न प्रशासन का डर और ना ही कोरोना वायरस का डर देखा गया. ग्रामीण क्षेत्र के सब्जी बाजार, बैंक व राशन दुकानों मे जब तक प्रशासन कि निगरानी तब तक ही लोग शोसल डिस्टेंस बनाकर रख रहा है. प्रशासन के हटते ही लोग झुंडों में नजर आ रहे हैं. बीडीओ सत्येन्द्र महतो व पुलिस इंस्पेक्टर ने लोगों को इस महामारी को रोकने के लिए सब्जी बाजारों व राशन दुकानों मे शोसल डिस्टेंस बनाकर रखने का अपील किया. उन्होने कहा कि लोग इसको नही मामने पर वाध्य होकर प्रशासन कडाई से पेश आएगी.

## नगरपंचायत के सफाई कर्मियों को मिला पीपीई सैफ्टी जैकेट



**सरायकेला संवाददाता, 11 अप्रैल:** नोबेल कोरोना वायरस (कोविड-19) के बढ़ते प्रकोप से सफाई कार्य मे लगे कर्मियों की सुरक्षा को लेकर नगर विकास एवं आवास विभाग द्वारा नगर पंचायत कार्यालय अंतर्गत कार्यरत सभी सफाई कर्मियों को पीपीइ सेफ्टी जैकेट प्रदान किया गया था। जिसके निर्देशानुसार नगर पंचायत सरायकेला द्वारा 50 पीपीई सेफ्टी जैकेट की खरीदारी कर, आज 11 अप्रैल 2020 को कार्यपालक पदाधिकारी राजीव रंजन सिंह एवं नगर प्रबंधक महेश जारिका द्वारा सभी सफाई कर्मियों को पीपीई सेफ्टी जैकेट का वितरण किया गया। ताकि सफाई कर्मी भी नगर के साथ-साथ खुद को भी संक्रमण से बचाव कर सकें। कार्यपालक पदाधिकारी द्वारा सभी सफाई कर्मियों के कार्य हेतु धन्यवाद ज्ञापन भी किया गया। इस अवसर पर लिपिक मानस पटनायक, सफाई पर्यवेक्षक समीर रजक सहित अन्य कर्मी उपस्थित रहे।

## विश्वरूप पांडा ने सीएम समेत मंत्री व विपक्ष के विधायकों को पत्रकारों की सुविधा के मांग पर की ट्वीट

**नीमडीह संवाददाता, 11 अप्रैल:** चांडिल प्रखंड के चिलगु निवासी पत्रकार सह सामाजिक कार्यकर्ता विश्वरूप पांडा ने पत्रकारों की सुरक्षा, सुविधा व स्वास्थ्य बीमा के मांग पर झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन व विधायकों को ट्वीट कर आग्रह किया है। पांडा ने ट्वीट किया है कि ग्रामीण क्षेत्रों में पत्रकारों को 2 से 3 हजार रुपये मासिक प्रोत्साहन राशि मिलती है। विश्व महामारी कोविड 19 के ल ?ाई में पत्रकार जोखिम उठाकर कड़ी मेहनत कर रहे हैं। पत्रकारों की उत्साह बढ़ाने व सुरक्षा को लेकर झारखंड सरकार की ओर से सुविधा व स्वास्थ्य बीमा मिलनी चाहिए। पांडा ने राज्य के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता, मंत्री चंपई सोरेन, जगरन्नाथ महतो, मिथिलेश ठाकुर, बादल पत्रलेख, डॉ0 रामेश्वर उरांव, आलमगीर आलम को भी इस संबंध में अवगत कराते हुए ट्वीट किया कि 12 अप्रैल को होने वाले केबिनेट बैठक में इस सुझाव पर विचार करें और पत्रकारों के हित में उचित निर्णय लेने की कृपा करें। पांडा ने पूर्व मुख्यमंत्री सह विधायक बाबुलाल मरांडी, सुदेश महतो, सरयु राय, संजीव सरदार, समीर महंती, सी पी सिंह समेत अन्य विधायकों को भी इस संबंध में अवगत कराते हुए ट्वीट किया कि सभी माननीय सदस्यों से आग्रह है कि पत्रकार हित को देखते हुए इस सुझाव पर विचार करें और माननीय मुख्यमंत्री के समक्ष प्रस्ताव रखने की कृपा करें। इसको लेकर सभी राजनीतिक दलों के कार्यकर्ताओं एवं पत्रकारों ने पांडा द्वारा की गई मांग की सराहना कर रहे हैं।


Vishwarup Panda
@VishwarupPanda1
माननीय मुख्यमंत्री
@HemantSorenJMM जी,
पत्रकार जोखिम उठाकर कड़ी मेहनत से
#Covid_19 लड़ाई में सहयोग कर रहे हैं।
ग्रामीण क्षेत्रों में पत्रकारों को 2-3 हजार रुपए ही प्रोत्साहन राशि मिलती है।उत्साह बढ़ाने व सुरक्षा को लेकर झारखंड सरकार की ओर से सुविधा एवं स्वास्थ्य बीमा मिलनी चाहिए।
Translate Tweet
12:07 pm · 11 Apr 20 · Twitter for Android

### विधायक संजीव ने किया पोटका में मुख्यमंत्री दाल भात केंद्र का निरीक्षण

## आपदा की घड़ी नि:स्वार्थ भाव से लोगो की सेवा करे सभी



**पोटका संवाददाता, 11 अप्रैल:** पोटका के विधायक संजीव सरदार ने शनिवार को पोटका प्रखंड मुख्यालय के समीप संचालित मुख्यमंत्री दाल भात केंद्र का निरीक्षण किया .मौके पर विधायक ने कहा कि लॉक डाउन के दौरान किसी को किसी तरह की परेशानी नहीं हो, जिसको लेकर पोटका प्रखंड क्षेत्र मे मुख्यमंत्री दालभात योजना के साथ-साथ पंचायत-पंचायत में मुख्यमंत्री दीदी किचन का संचालन कर गांव के गरीब असहाय बुजुर्ग को दो वक्त का मुफ्त भोजन दिया जा रहा है, जहां भोजन करने के लिए प्रतिदिन सैकड़ों लोग पहुंच रहे है. इस दौरान पोटका प्रखंड मुख्यालय मे संचालित केंद्र मे वह काफी देर तक रहे और केंद्र संचालिका के साथ-साथ भोजन ग्रहण करने पहुंच रहे लोगों से भी पुछताछ किया. इस दौरान श्री सरदार ने कहा कि नोवल कोरोना वायरस के संक्रमण के कारण देश मे राष्टीय आपदा है. इसके फैलाव को रोकने के लिए पुरे देश मे लॉक डाउन किया गया है. इस लॉक डाउन के दौरान किसी को किसी तरह की परेशानी नहीं हो, जिसको लेकर सरकार गंभीर है. सभी से अपील है कि लॉकडाउन का पालन करें. हमारे जविप्र दुकानदार, मुख्यमंत्री दालभात केंद्र एवं मुख्यमंत्री दीदी किचन के संचालिका से अपील है कि इस वक्त मे वह सेवा भावना के तहत ईमानदारी पूर्वक कार्य करें, ताकि जरूरतमंद को लाभ पहुंचाया जाये.

## सरकार की योजनाओं को हर परिवार तक पहुंचाने में सभी करे सहयोग: सुधीर सोरेन

**पोटका संवाददाता, 11 अप्रैल:** झामुमो पोटका प्रखंड कमिटि के अध्यक्ष सुधीर सोरेन ने प्रखंड के पंचायत प्रतिनिधियों जन वितरण प्रणाली के दुकानदारों आंगनबाड़ी सेविका, सखी मंडल समेत अन्य संस्थाओं से अपील करते हुए कहा है कि आज पूरा देश कोरोना महामारी के संकट से जूझ रहा है देश व्यापी लॉक डाउन जारी है. लॉक डाउन के कारण झारखंड के बाहर से मजदूर भाई वापस आये हैं साथ - साथ राज्य के लाखो दिहाड़ी मजदूरों एवं गरीब परिवारो के सामने जीविका का संकट उतपन्न हो गया है.हर सरकार की यह जिम्मेदारी होती है कि वो आपने नागरिकों के जीविका एवं जीवन की रक्षा करे इसी क्रम में हमारी सरकार ने महत्वपूर्ण कदम उठाये हैं और हम सभी को आपने - आपने स्तर में आपने जिम्मेदारी निभानी है।

## बोड़ाम के पुनसा गांव में चिकन पॉक्स से एक दर्जन पीड़ित

### मेडिकल टीम ने किया गांव का दौरा

**पटमदा संवाददाता, 11 अप्रैल:** बोड़ाम प्रखंड अंतर्गत लायलम पंचायत के पुनसा गांव में पिछले कई दिनों से चिकन पॉक्स से कई लोग पीड़ित हैं। गांव में ज्यादा से ज्यादा लोगों में फैले नही इसलिए शुक्रवार को मेडिकल टीम ने गांव में दौरा करते हुए प्रत्येक पीड़ितों से मिले और आवश्यक दिशा निर्देश दिये। डॉ सौमेन दत्त ने बताया कि गांव के सरदार टोला में किसी एक आदमी के पहले होने के बाद आसपास के लोग भी होमियोपैथी दवाई खा लेने से ज्यादा लोग पीड़ित नही हुए हैं वही संथाल टोला में झाड़फूंक पर विश्वास करने पर एक के बाद एक पीड़ित होते गए। उन्होंने बताया कि सभी



पीड़ितों को आवश्यक दिशा निर्देश के साथ साथ दवाइयां भी दिया गया है।

फिलहाल स्तिथि नियंत्रण में हैं। चिकन पॉक्स से पीड़ित मरीजों के नाम लोसो मुर्मु उम्र 25 वर्ष, बंगाली सोरेन उम्र 25 वर्ष, मंगल हेम्ब्रम उम्र 14 वर्ष, राजा टुडु उम्र 30 वर्ष, सोहागी टुडु उम्र 7 वर्ष, बुधनी सोरेन उम्र 27 वर्ष, सहदेव सिंह उम्र 24 वर्ष, मनीषा टुडु उम्र 6 वर्ष, महेश बेसरा उम्र 10 वर्ष, गुलापी टुडु उम्र 23 वर्ष, गुलठू मुर्मु उम्र 32 वर्ष व सुपार मुर्मु उम्र 14 वर्ष शामिल हैं। दूसरी ओर बोड़ाम बीडीओ राकेश कुमार गोप के निर्देश पर प्रखंड के बीहड़ गांव बांदरजलकोचा में पिछले कई दिनों से बुखार से पीड़ित सनातन पहाड़िया का भी जांच कर दवाइयां दिया गया। बताया कि यंहा 13 पहाड़िया परिवार निवास करते हैं।

## सोशल डिस्टेंसिंग का अनुपालन करना सुनिश्चित करे: सांगा

### कुचाई में आईटीडीए निदेशक ने किया दीदी किचन और पीडीएस दुकानों का औचक निरीक्षण



**खरसावां संवाददाता, 11 अप्रैल:** कोरोनावायरस के बढ़ते संक्रमण को देखते हुए देशव्यापी लॉकडाउन जारी है। लॉकडाउन की अवधि में कुचाई गरीब, असहाय एवं निर्धन परिवारों को दीदी किचन व दाल-भात केंद्र के जरिए भोजन कराए जाने व्यवस्था की गई है। कुचाई प्रखंड के विभिन्न पंचायतों में की गई मुख्यमंत्री दीदी किचन एवं जन वितरण प्रणाली केंद्रों का आईटीडीए निदेशक अरुण वाल्टर सांगा एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी गौतम कुमार ने औचक निरीक्षण कर वस्तुस्थिति का अवलोकन किया गया।

निरीक्षण क्रम में मुख्यमंत्री दीदी किचन व मुख्यमंत्री दाल-भात केंद्रों में गरीब, असहाय एवं जरूरतमंद लोगों को कराए जा रहे भोजन की गुणवत्ता की जानकारी तथा साफ सफाई का जायजा लिया गया। इसके अलावा केंद्र में सैनिटाइजर तथा साबुन, हैंड वाश की उपलब्धता तथा साफ-सफाई का भी मुआयना किया गया। पदाधिकारी के द्वारा केंद्र में कार्यरत कर्मियों को निर्देशित किया गया कि भोजन कराते समय सोशल डिस्टेंसिंग का अनुपालन करना सुनिश्चित करेंगे तथा साफ-सफाई का भी विशेष ख्याल रखेंगे। निरीक्षण के क्रम में सभी जरूरतमंदों को उचित मात्रा में राशन उपलब्ध कराने कथा ससमय राशन वितरण करने का निर्देश दिया गया।


## वैद्य गोमिया हेम्ब्रम का निधन

### लॉकडाउन के कारण दाह संस्कार में शामिल नही हो पाए परिजन



**खरसावां संवाददाता, 11 अप्रैल:** खरसावां प्रखंड के अंतर्गत कोदाडीह गांव में रहकर खरसावां, चाईबासा, कोलाबिरा और जमषेदपुर आदि क्षेत्र में पेशाब देखकर रोगियों का उपचार करने वाले ९० वर्शीय वैद्य गोमिया हेम्ब्रम का विगत गुरूवार की रात निधन हो गया। वैद्य के निधन की खबर सुनकर खरसावां क्षेत्र के लोगों में षोक की लहर दौड पड़ी। लेकिन लॉकडाउन के कारण उसके परिजन में उनके दाह संस्कार में षामिल नही हो पाये। लोग घरों में रहकर उन्हे मन से श्रद्वाजंलि दी और उनके आत्मा शांति के लिए भगवान से प्रार्थना किया। मिली जानकारी के अनुसार खरसावां के कोदाडीह गांव के वैद्य गोमिया हेम्ब्रम विगत ५० सालों से गुरूवार को खरसावां में लगने वाले साप्ताहिक हाट, रविवार को आमदा में लगने वाले साप्ताहिक हाट, मंगलवार को चाईबासा में लगने वाले साप्ताहिक हाट, खरसावां कोदाडीह, करणडीह जमशेदपुर और कोलाबिरा में बैठक कर पेषाब जांच कर रोगियो का बिमारी बताते थे। साथ ही उसके इलाज के लिए जड़ी-बूटी से तैयार किये गये दवाईया देते थे। वैद्य से उपचार कराने को लेकर झारखंड बिहार सहित उड़िसा से भी लोग खरसावां आते रहे थे। हार्ड, बाथ, दाद, जोडों का दर्द, स्त्रीरोग, मुख रोग, पाचनतंत्र रोग सहित विभिन्न तरह के बिमारियों का उपचार वैद्य के द्वारा जड़ी-बुटी से करते थे। वैद्य गोमिया हेम्ब्रम का शरीर विगत एक माह से उनका साथ नही दे रहा था। परिजनों ने वैद्य की चिकित्सा जांच करवाने जमशेदपुर ले गये। जंहा चिकित्सकों ने जांच कर बताया कि इनका कोई बिमारी नही है। घर पर रखकर उनका सेवा करे। विगत गुरूवार की रात १० बजे अचानक उसका निधन हो गया। शुक्रवार की षाम उनका दाह संस्कार कर दिया गया। वैद्य के दाह संस्कार में पुत्र मानु हेम्ब्रम, तुरी हेम्ब्रम व पिन्टु हेम्ब्रम षामिल हुए। इसके अलवे खरसावां के बाहार रहने वाले उनके परिजन दाह संस्कार में षामिल नही हो पाये। वैद्य के निधन से खरसावां में षोक की लहर है।

## एसडीओ डंडा लेकर सड़क पर उतरे



**घाटशिला 11 अप्रैल (रिपोर्टर):** घाटशिला में लगातार लॉक डाउन की धज्जियां उड़ा रहे लोगो पर नकेल कसने के लिये अनुमंडल पदाधिकारी अमर कुमार, अनुमंडल आरक्षी पदाधिकारी राजकुमार मेहता और प्रशिक्षु आईपीएस मनोज सवर्गीयारी स्वयं सड़क पर उतरे और कई लोगो को पकड़ कर थाना ले गये. जानकारी हो कि घाटशिला में लॉक डाउन का पालन करवाने के लिये लगातार अनुमंडल पदाधिकारी अमर कुमार सक्रिय है. सर्वप्रथम सब्जी बाजार में सामाजिक दूरी का पालन नही होने पर उन्होंने सब्जी बाजार को इंदिरा बाजार के अलावा राजस्टेट, दाहिगोड़ा सर्कस मैदान और मौभण्डार मैदान मे लगवा दिया. इसके अलावा खाद्यान की कालाबाजारी रोकने के लिए जमकर छापामारी की. अब दो दिनों से लोगो द्वारा लॉक डाउन उल्लंघन करने पर अनुमंडल के वरिष्ठ पदाधिकारी स्वयं डंडा लेकर सड़क पर उतरे. इस दौरान सड़क पर बिना काम के घूमने वालो पर पुलिस ने लाठी मारी और कई दुपहिया वाहनों को जब्त कर लिया.अनुमंडल पदाधिकारी अमर कुमार और अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी राजकुमार मेहता ने कहा कि लॉक डॉउन का उल्लंघन करने वालो पर अब सख्ती की जायेगी.बगैर जरूरी काम के सड़क पर निकलने वालों पर केश कर जेल भेजा जायेगा.हालांकि प्रशासन की सख्ती का आम लोग भी समर्थन कर रहे है,उनका मानना है कि कुछ लोगो के कारण सभी की जिंदगी पर खतरा मंडराता है.

## नितेश वर्मा की पहल पर परिजन को मिला बकाया मुआवजा



**चांडिल :** झारखंड युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष नितेश वर्मा के पहल पर शनिवार को स्लीपर कंपनी के मृतक मजदुर रघुनाथ सिंह सरदार के परिजनों को बकाया मुआवजा दो लाख २५ हजार रुपया एसडीएम के हाथो प्राप्त हुआ. जानकारी देते हुए नितेश वर्मा ने बताया कि कंपनी प्रवंघन द्वारा मृतक मजदुर के परिजनो को बकाया मुआवजा देने में आनाकानी कर रहा था. मामला को जिला के उपायुक्त के समक्ष रखा गया जिनके निर्देश पर एसडीएम के उपस्थित में कंपनी प्रवंघक द्वारा मृतक के परिजन को दो लाख २५ हजार का चेक दिया गया.

## दोनों पीडीएस दुकानदारों से मांगा गया स्पष्टीकरण



**मुसाबनी, 11 अप्रैल (रिपोर्टर) :** राज्य सरकार द्वारा कोरोना वायरस संक्रमण के रोकथाम हेतु लॉक डाउन घोषित किया गया है . लॉक डाउन की अवधि में जिला प्रशासन द्वारा पंचायत स्तर पर भोजन की उपलब्धता सुनिश्चित की गयी है तथा पदाधिकारियों द्वारा नियमित निरीक्षण कर ये सुनिश्चित किया जा रहा है कि पीडीएस डीलर के माध्यम से खाद्यान्न का वितरण ससमय ही. इसी क्रम में बी 0डी 0ओ0 कुमार रजक द्वारा प्रखंड के विभिन्न जन प्रणाली दुकानों, मुख्यमंत्री कैंटीन, दीदी किचन का निरीक्षण किया गया. सर्वप्रथम प0बादिया के जन वितरण प्रणाली दुकान का औचक निरीक्षण किया गया. जांच के क्रम में पाया गया कि श्काकुली घोष एवं महुलबेरा के संचालक द्वारा बिना पूर्व सूचना के ही दुकान बंद कर दिया गया जिस पर बीडीओ द्वारा दोनों दुकान के संचालकों से स्पष्टीकरण किया गया और खाद्य आपूर्ति पदा0 मुसाबनी को निदेश दिया गया कि 48 घंटो के अन्दर सभी दुकान का जांच करके सभी का जांच प्रतिवेदन प्रखण्ड कार्यालय में समर्पित करें.

## दोहरे मार से जूझ रहे हैं बांस-डंगरी गांव के ग्रामीण



**जादूगोड़ा, 11 अप्रैल (रिपोर्टर):** जादूगोडा व उसके आस-पास के लोग एक ओर जहाँ कोरोनों संक्रमण से अपने को बचाने को लेकर संघर्ष कर रहे हैं. वही दूसरी ओर इस भीषण गर्मी में पेयजल संकट ने उनकी समस्या दोगुनी बढ़ा दी है. ऐसा ही हालातों से दो -चार हो रहे है जादूगोडा-कालिकापुर मुख्य मार्ग से जंगल किनारे बसे गाँव सोहदा पंचायत क्षेत्र के बालिजूडी का बाँसडुगरी टोला. पोटका प्रखण्ड क्षेत्र के इस टोला में गंभीर पेयजल संकट छाया हूआ है. इधर आलम यह है कि क्षेत्र के छह में से चार चापाकल खराब पडे हुए हैं. छह महीने पूर्व गाँव में जल मीनार को लेकर खोदे गए गड्डे आज भी अधूरे पडे हूए है. ऐसे में बाँसडूगरी के ग्रामीण कई किलों दूर जाकर पानी लाने को विवश है ग्रामीण. इस बाबत ग्रामीण अनिल मुर्मू कहते हैं कि सरकार खराब पडे चापाकलों की मरम्मति करा दे व अधूरे जल मीनार का कार्य पूरा कर दे तो बाँसडूगरी के ग्रामीणों का पेयजल संकट से मुक्ति मिल जायेगी.

## मुख्यमंत्री किचेन दीदी योजना में हो रहा सोशल डिस्टेंस का पालन



**चाकुलिया, 11 अप्रैल (रिपोर्टर):** चाकुलिया प्रखंड के सिमदी पंचायत अंतर्गत किशोरीपुर गांव में शनिवार को कोरोना वायरस के मद्देनजर मुख्यमंत्री किचेन दीदी योजना के द्वारा गरीब एवं असहाय लोगों को भोजन कराया जा रहा है जिसका निरीक्षण करने विधायक समीर महंती पहुंचे. इस दौरान देखा की वृद्धि महिलाएं एवं पुरुष सोशल डिस्टेंस को ध्यान में रखते हुए दूर-दूर में बैठा कर लोगो को भोजन कराया जा रहा है. इस दौरान विधायक ने बताया कि गरीब एवं असहाय लोगों को भूखा रहने नहीं दिया जाएगा. मौके पर जिला परिषद सदस्य जगन्नाथ महतो, अर्जुन हांसदा, मुन्ना होता, विशाल बारिक, राकेश महंती एवं अन्य शामिल थे.

### सर्वे के दौरान आवश्यक सुरक्षा उपकरण का प्रयोग अवश्य करें



**चाकुलिया, 11 अप्रैल (रिपोर्टर):** बहरागोड़ा प्रखंड कार्यालय में शनिवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी राजेश कुमार साहू एवं अंचलाधिकारी हीरा कुमार की उपस्थिति में सर्वे- सह -सर्विलांस टीम में प्रतिनियुक्त शिक्षक, आंगनबाड़ी सेविका एवं स्वास्थ्य साहिया का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया. पदाधिकारियों द्वारा उपस्थित सदस्यों को सर्वेक्षण प्रपत्र भरने हेतु विस्तार से जानकारी दी गई जिससे प्रशासन को सही जानकारी ससमय प्राप्त हो सके.

# कोविड-19 समर्पित रेलवे अस्पताल में हुआ मॉक ड्रील







**चाईबासा कार्यालय, 11 अप्रैल :** वैश्विक कोरोना महामारी से निपटने हेतु जिला प्रशासन द्वारा कोविड-१९ के लिए समर्पित रेलवे अस्पताल चक्रधरपुर में आज मॉक ड्रील का आयोजन किया गया। जिसमें पुरा प्रक्रिया संतोषजनक पाया गया। मॉक ड्रील को लेकर जिला प्रशासन द्वारा सूचना गुप्त रखी गयी थी। मॉक ड्रील सम्पन्न होने के बाद उपायुक्त अरवा राजकमल ने बताया कि जब मॉक ड्रील शुरू हुआ था, उसके करीब एक घंटे पूर्व सभी संबंधित चिकित्सको एवं पदाधिकारियो को यह बताया गया कि चाईबासा में कोरोना संक्रमण का एक पॉजिटिव मरीज पाया गया है। देखना यह था कि कोरोना संक्रमण का मामला संज्ञान में आने पर संबंधित चिकित्सको और पदाधिकारियो की क्या त्वरित प्रतिक्रिया होती है। आज सभी सिविल पदाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी, चिकित्सक, स्वास्थ्यकर्मी को बताया गया कि कोविड-१९ समर्पित अस्पताल में कोरोना पॉजिटिव मरीज को भर्ती कराना है, इसलिए यथा शीघ्र सभी अस्पताल पहूंच जाए। उन्होंने कहा कि जिस उद्धेश्य से मॉक ड्रील किया गया था, वह देखने को मिला। सभी स्तर पर ससमय कर्त्तव्य का अनुपालन किया गया। यह चिन्हित करना था कि कोई ड्यिूटी पर आने में देरी तो नहीं कर रहा है। आधे घंटे के अंदर सभी प्रतिनियुक्त चिकित्सक एवं स्टाफ पीपीइ कीट के साथ अपने ड्यिूटी पर तैनात हो गये। पुलिस प्रशासन के पदाधिकारी और कर्मी भी पुरी तरह मुस्तैद रहे। संक्रमित मरीज को ऐम्बुलेंस द्वारा बिना किसी रूकावट या व्यवधान के अस्पताल तक लाने की पुरी व्यवस्था को निरूपित किया गया। उन्होंने कहा कि प्रशानिक रूप से इस बात की तैयारी की गयी की कही से कोई कोरोना संक्रमण का पॉजिटिव मामला आता है तो उसके आसपास के तीन किलोमीटर के रेडियस में कर्यू लगाया जाता है। संक्रमण के फैलाव को रोकने और हालात पर काबू पाने के लिए विस्तृत रणनीति तैयार करना भी मॉक ड्रील में शामिल रहा। उपायुक्त ने कहा आने वाले दिनो में यदि कोरोना संक्रमण का कोई मामला संज्ञान में आता है तो पुरी टीम दक्षता एवं कुशलाता के साथ स्थिति का सामना करेगी। उपायुक्त ने निर्देश दिया कि जिला प्रशासन की पुरी टीम शतप्रतिशत तैयारी के साथ हर समय किसी भी परिस्थिति में त्वरित प्रतिक्रिया के लिए तैयार रहे। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक इन्द्रजीत महथा ने कहा कि कोरोना पॉजिटिव मरीज का कोई भी मामला संज्ञान में आने पर कुछ बिन्दुओ पर त्वरित सतर्कता की आवश्यकता है। जैसे कि कंट्रोल रूम का सक्रिय होना, मरीज के ट्रैवल हिस्ट्री का पता लगाना, जहां से कोरोना पॉजिटिव मरीज मिलता है वहां से तीन किलोमीटर के रेडियस को लॉकडाउन को पूर्णरूपेण लागु कराना और डोर-टू-डोर जाकर संपूर्ण स्क्रीनिंग को क्रियान्वित करना। इन सारी चीजो को लेकर मॉक ड्रील कराया गया है, ताकि कार्यान्वयन ऐजेंसी के रूप में जो हमारी टीम है वह अपनी दायित्वों का निर्वहन पुरे मानको और एसओपी के तहत कर सके। उपविकास आयुक्त आदित्य रंजन ने कहा कि मॉक ड्रील कराने का उद्धेश्य था कि अगर कोई कमियां सामने आती है तो उसे सुधारा जा सके। आज मॉक ड्रील का प्रयोग काफी सफल रहा। इस अवसर पर सिविल सर्जन डा मंजु दूबे सहित प्रतिनियुक्त चिकित्सक, स्वास्थ्यकर्मी, पुलिस-प्रशासनिक पदाधिकारी उपस्थित थे।

## हत्याकांड का आरोपी गया जेल



**जगन्नाथपुर, 11 अप्रैल ( रिपोर्टर ) :** जेटेया थाना क्षेत्र के बाहदा में 9 अप्रैल को हुए दमोदर तिरिया की हत्या का प्राथमिक अभियुक्त रोबड़ो तिरिया 36 वर्ष को जेटेया पुलिस ने 11 अप्रैल की सुबह उसके गांव से गिरफ्तार कर चाईबासा जेल न्याययिक हिरासत में भेज दिया। यह जानकारी जगन्नाथपुर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी प्रदीप कुमार उरांव ने अपने झीकपानी स्थित कार्यालय में प्रेसवर्त्ता कर पत्रकारों को दी। उन्होने बताया कि मृत्तक दमोदर की पत्नी शुरुकुई तिरियि के बयान पर अभियुक्त रोबड़ो तिरिया के खिलाफ कांड संख्या 4/2020 दिनांक 10.4.2020 धारा 302 भादवि के तहत जेटेया थाना में हत्या का नामजद प्राथमिकी दर्ज किया गया था। अभियुक्त रोबड़ो ने गिरफ्तारी के बाद अपना जुर्म स्वीकार कर लिया है। उसने बताया कि मृत्तक के साथ काफी समय से सामूहिक बांस को लेकर विवाद चल रहा था। हाल के दिनों में भी मृत्तक ने बांस की कटाई की थी जिसको लेकर विवाद भी हुआ था। घटना वाले दिन इसी बात को लेकर अभियुक्त रोबड़ो तिरिया ने मृत्तक दमोदर तिरिया से कहासुनी हो गई थे। अभियुक्त के स्वीकारोक्ती बयान के अनुसार मृत्तक ने कार्य के लिए उक्त सामूहिक बांस की कटाई की थी। और बांस से निकले झाड़ी व टुकड़े को रोबड़ो के खेत में फेंक दिया था। रोबड़ो ने जब मृत्तक से कहां कि मेरे खेत से बांस की झाड़ी हटा लो, हल जोतना है। तब मृत्तक ने गुस्सा होकर कहा नही हटाउंगा क्या कर लोगे। फिर क्या था अभियुक्त रोबड़ो भी गुस्सा हो गया विवाद ज्यादा गम्भीर हो गया। उसके बाद अभियुक्त ने दमोदर को दाऊली से सर में मारकर हत्या कर दी। मौके अभियुक्त के निशानदेही पर पुलिस से हत्या में उपयोग किया हुआ दाऊली भी घटना स्थल से बरामद कर लिया है। अभियुक्त की गिरफ्तारी में थाना प्रभारी वासुदेव टोप्पो, प्रशिक्षु पुलिस अवर निरीक्षक मनीष कुमार यादव, गोपाल राम व सहायक अवर निरीक्षक मनोज सिंह का सराहनीय योगदान रहाप

## जिप सदस्य ने बाँटे 50 ग्रामीणों के बीच सूखा राशन

**नोवामुंडी, 11 अप्रैल ( रिपोर्टर ) :** शनिवार को नोवामुंडी प्रखंड के अति पिछडे हुए राजस्व ग्रामों कंतोडिया,बडाबालजोडी व परम बालजोडी में जरूरतमंद ग्रामीणों के बीच जिला परिसद सदस्य शंभु हाजरा ने सुखा खाध्य सामग्री वितरण किया. श्री हाजरा ने बताया कि इन गाँवों में काफी संख्या में मजदूर तथा कृषक रहते हैं,जिनके सामने लॉकडाउन के चलते अचानक ही भुखमरी की स्थिति आन पडी है. तीनों गाँवों में ग्रामीण मुंडाओं के सहयोग से जरूरतमंद लोगों की सूची तैयार कर प्रति व्यक्ति पाँच किलो के हिसाब से सुखा खाध्य सामग्री दी गई. कहा कि कंतोडिया में 20 ग्रामीण,परम बालजोडी व बडा बालजोडी में 15-15 लोगों को सूखा राशन दी गई. मौके पर काफी संख्या तीनों ग्रामों के लोग मौजूद थे.

## मझगाँव पुलिस ने दो बाईक किया जब्त, दर्ज की प्राथमिकी



**नोवामुंडी,11 अप्रैल ( रिपोर्टर ) :** कोरोना वायरस के संक्रमण से लोगों को बचाने के लिए किए गए लॉक डाउन अथवा धारा 144 के उल्लंघन करने के आरोप में मझगाँव पुलिस ने दो ग्रामीणों पर प्राथमिकी दर्ज की और दो बाईक भी जब्त किया. आपको बता दें कि मझगाँव के प्रखण्ड विकास पदाधिकारी व पुलिस प्रशासन के द्वारा सख्ती बरतने के बावजूद लोग मोटर साईकिल से आवागमन कर रहे हैं. इसको लेकर प्रखण्ड विकास पदाधिकारी बीरेन्द्र किंडो व थाना प्रभारी अकील अहमद पुलिस बल के साथ शनिवार की दोपहर खैरपाल मुख्य चौक पर मोटर साईकिल सवारों पर नकेल कसते हुए कार्रवाई की. जिसमें दो मोटर साईकिल प्लसर 150 गाड़ी संख्या जेएच 06जे6445 और हीरो होण्ड सीडी डाउन गाड़ी संख्या जेएच06ए 5130 को जब्त किया. वहीं ,ज्ञानचन्द्र गागराई तथा मुकेश गागराई दोंनो कुमारडुँगी थाना क्षेत्र और भीमसिंह लोहार मझगाँव थाना क्षेत्र के बलियापोसी निवासी के खिलाफ दिनांक 11 अप्रैल 2020 दफा 188,269 व 270 के तहत प्राथमिकी दर्ज कर गिरफ्तार करने के उपरांत तीनों को थाने से ही जमानत नामा भरवा कर रिहा कर दिया गया. जबकि अन्य तीन अज्ञात युवक भागने में सफल रहा.

## लॉक डाउन का पालन नहीं करने पर 18 लोगों के खिलाफ केस

**गुवा :** गुवा में लॉक डाउन का पालन नहीं करने वाले 18 लोगों को हिरासत में लेकर केस किया गया। इस संबंध में गुवा थाना प्रभारी राकेश रंजन सिंह ने बताया कि पूरे गुवा क्षेत्र में लॉक डाउन का पूरी तरह से पालन किया जाय.उसके बावजूद लोग लोग लाँक डाउन का पालन नहीं कर घर से बाहर बेवजह सड़कों पर घूम रहे थे। जिला पुलिस अधीक्षक इंद्रजीत महाथा ने सख्त आदेश जारी किया है कि जो लोग लाँक डाउन का पालन नहीं कर बेवजह सड़कों पर घूम रहे हैं उस पर केस किया जाए। इसी आदेश पर क्षेत्र में बेवजह घूमने वाले 18 लोगों को हिरासत में लेकर केस किया गया है। हिरासत में लिए गए 18 लोगों का नाम सत्यवन गिरी उम्र 32 वर्ष पिता भौरो चरण गिरी, रोहिनी प्रसाद मिश्रा उम्र 63 वर्ष पिता स्व0 शाखा मिश्रा,हरि गोच्छाईत उम्र 70 वर्ष पिता स्व0 खम्भू गोच्छाईत, विनोद दास उम्र 28 वर्ष पिता विशेषवर दास,रामनाथ गोस्वामी उम्र 54 वर्ष पिता स्व0 जिमिदार गोस्वामी, राजेश पान उम्र 35 वर्ष पिता घासीराम पान,साधू सामंतो उम्र 30 वर्ष पिता कुंभकरण सामंतो,लक्ष्मण तांती उम्र 36 वर्ष पिता स्व0 महेन्द्र तांती,शांति शेख उम्र 22 वर्ष पिता बहार शेख, सुखलाल हेम्ब्रम उम्र 47 वर्ष पिता स्व0 दुगा हेम्ब्रम,देवगत सिंह उम्र 45 वर्ष पिता घोगर सिंह,सावन गुड़िया उम्र 28 वर्ष पिता स्व0 निस्तर गुड़िया, विमल कुजूर उम्र 45 वर्ष पिता जे0 कुजूर, सैफ अंसारी उम्र 22 वर्ष पिता तुरैल अंसारी, जगन्नाथ साण्डिल उम्र 55 वर्ष पिता ठुकूराम साण्डिल, ओम्ब्रो गोडसोरा उम्र 50 वर्ष पिता इन्द्रो गोडसोरा, उम्बलेन सिरका उम्र 44 वर्ष पिता अभिराम सिरका, आकाश अली उम्र 21 वर्ष पिता अब्दूल अली है।

## दो सड़क दुर्घटना में तीन लोग घायल

**चाईबासा कार्यालय, 11 अप्रैल :** दो अलग-अलग सड़क दुर्घटना में तीन लोग घायल हो गये। घायलो में मुफसिल थाना के संकोसाई गांव निवासी २० वर्षीय लाल मोहन सुंडी, पाताहातु के अजय देवगम और झींकपानी के मौदा गांव निवासी ३८ वर्षीय सुखमोहन बारी शामिल है। बताया जाता है कि लाल मोहन सुंडी और अजय देवगम एक बाईक से अपने गाव से शहर की ओर आ रहे थे। रास्ते में सरायकेला मोड़ के पास एक महिला को बचाने के क्रम में बाईक सहित गिर गये। गिरने से दोनो को सिर सहित शरीर के कई हिस्सो में चोट लगी। दोनो को घटना स्थल से उठाकर सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। इसी तरह झींकपानी के मौदा निवासी सुख मोहन बारी की भी बाईक से गिरने से सिर और चेहरा में चोट लगी। उसे भी सदर अस्पताल लाया गया।

## लॉकडाउन का उल्लंघन मामले में चार गिरफ्तार

**गुवा :** गुवा बाजार स्थित क्षेत्र में लगाया गया लाँक डाउन का उल्लंघन करने वालो को गुवा थाना प्रभारी राकेश रंजन सिंह एवं मजिस्ट्रेट की ड्यूटी पर तैनात वन विभाग पदाधिकारी कमलेश्वर प्रसाद सिन्हा ने चार लोगों को गुवा बाजार से गिरफ्तार कर एफ आई आर दर्ज कर केस कर ली है। बताया जा रहा है कि क्षेत्र में लगाया गया लाँक डाउन के नियमों का पालन लोग नहीं कर रहे थे। पुलिस अधीक्षक चाईबासा के दिशा निर्देशन में सख्त निर्देश दिया गया है कि लोग लाँक डाउन नियमों का पालन नहीं करने वालों पर त्वरित कार्रवाई करते हुए एफ आई आर दर्ज कर कानूनी कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। इसी निर्देशों का पालन करते हुए सभी थाना के थाना प्रभारी ने यह अभियान चलाकर जगह-जगह लॉक डाउन का नियमों का पालन नहीं करने वालों पर केस दर्ज किया जा रहा है। साथ ही सड़कों के किनारे खड़ी वाहनों को भी जप्त कर ली जा रही है। इन 4 लोगों पर हुई केस हाथीराम लोहार, शिवा गोच्छाईत, गोलु महतो, तरसेम सिंह।

## लॉकडाउन में संस्थाएं एवं व्यक्तिगत रूप से लोग कर रहे है सहयोग



**चाईबासा :** लॉकडाउन के दौरान आज भाजपा द्वारा मोदी आहार के रूप में ४५० पैकेट पुड़ी-सब्जी गरीब-असहाय लोगो को उपलब्ध कराया गया। इसमें भाजपा के कार्यकर्त्ता एवं व्यापारी वर्ग ने सहयोग किया। डीआर शाह फाउंडेशन के सौजन्य से युवा मित्र मंडल द्वारा कल्याणपुर, तुरीटोला, हीलटॉप क्षेत्र में २०० लोगो के बीच भोजन का वितरण किया गया। वहीं रोटरी के पूर्व अध्यक्ष मदन लाल गुप्ता ने भी आज कुम्हारटोली, तुईबीर क्षेत्र में ४५ पैकेट सुखा खाद्यान्न का वितरण किया। इस अवसर पर वार्ड पार्षद उपस्थित थे। उल्लेखनीय है कि श्री गुप्ता लॉकडाउन जारी होने के दिन से लगातार सुखा खाद्यान्नो का वितरण व्यक्तिगत स्तर पर शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रो में कर रहे है। इसके साथ ही अन्य संगठनो द्वारा भी आज अपने-अपने ढंग से गरीब-असहाय को सहायता पहूंचायी गयी।

**लॉकडाउन के तहत पंचायतों द्वारा की जा रही खाद्य सामग्रियों का वितरण :** आयोजित लॉकडाउन के तहत सरकारों द्वारा कई तरह के एहतियातन कदम लोगों के हितों को ध्यान में रखते हुए उठाये जा रहे हैं। इधर पंचायत प्रतिनिधियों एवं स्वयं सेवी संस्थाओं भी कोई भूखा नहीं रहे जिसके तहत खाद्य सामग्रियों का वितरण आरम्भ कर दी गई है।जो अब लाभूकों तक पहुँचना आरम्भ हो गया है। इधर पुलिस प्रशासन की निगरानी में पंचायत प्रतिनिधियों द्वारा खद्य सामग्रियां सोशलडिस्टेन्शींग का पालन करते हुये किरीबुरू-मेघाहातुबुरू की चारो पंचायतों में सूचीबद्ध तरीके से वितरण की की जा रही है।

## एसडीपीओ के नेतृत्व में अभियान रहेगा जारी : पुलिस अधीक्षक

### लॉकडाउन उल्लंधन में शुक्रवार को 45 लोगो की हुई गिरफ्तारी



**चाईबासा कार्यालय, 11 अप्रैल :** पुलिस अधीक्षक इन्द्रजीत महथा ने कहा कि जिले में शुक्रवार को लॉकडाउन उल्लंघन के मामले में ४५ से अधिक लोगो की गिरतारी हुई है। सभी अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारियो के नेतृत्व में यह अभियान लगातार चलता रहेगा। कोरोना वायरस संक्रमण रोकथाम हेतु लॉकडाउन का अनुपालन कराना जरूरी है। इसके उल्लंघन करने वालो पर प्राथमिकी दर्ज कर गिरतारी की जाएगी। उन्होने कहा कि जिले के सीमाओं पर ६ जगह चेकनाका बनाये गये है। दो इंटर डिस्ट्रीक चेकनाका है, जबकि उड़िसा राज्य से जुड़ने वाली सीमा बड़ाजामदा, नोवामुण्डी, जैंतगढ और जराईकेला में चेक पोस्ट बनाये गये है। इसके अलावा भी अन्य क्षेत्रो में ग्राम समितियों के साथ भी लगातार संपर्क बना हुआ है और मुण्डा-मानकी भी संपर्क में है। उन्होंने कहा कि झारखंड के क्षेत्रफल में पश्चिमी सिंहभूम बड़ा जिला है। यहां पर चार वन प्रमण्डल क्षेत्र है। इसलिए जिले की चुनौतियां भी काफी अलग है। सूचनाओ के आदान-प्रदान हेतु वन विभाग तथा सीआरपीएफ के कमांडेन्ट के साथ समन्वय बनाकर काम किया जा रहा है। इसके अलावा मुण्डा-मानकी और पंचायत के परम्परागत तंत्र है, उसके साथ ही साकारात्मक समन्वय बना हुआ है। ताकि किसी प्रकार की कोई सूचना आती है तो स्वास्थ्य विभाग के प्रोटोकॉल को क्रियान्वित करते हुए सारी चीजो को लागु किया जा सके।

### लॉकडाउन उल्लंघन मामले में 5 के विरूद्ध मामला दर्ज

**चाईबासा :** लॉकडाउन के उल्लंघ करने वाले पांच लोगो के खिलाफ सदर थाना में मामला दर्ज किया गया है। जिसमें न्यू कॉलोनी टूंगरी निवासी योगेन्द्र साव, संतोष कुमार विजयवर्गीय, बांधपाड़ा निवासी अरूप प्रमाणिक, हरिजन वस्ती के महेन्द्र राम और जीवन कॉलोनी रेलवे स्टेशन निवासी कृष्णा ठाकुर शामिल है। १० अप्रैल को दर्ज किये गये मामले में बताया गया है कि उक्त व्यक्तियो द्वारा लॉकडाउन उल्लंघन करते हुए गुटखा, सिगरेट अपने दुकान पर भीड लगाकर खुले आम बेच रहे थे। दुकानदारो ने सामाजिक दुरी की पुरी तरह से अवहेलना करते हुए लोगो की भीड़ लगाकर गुटखा, सिगरेट बेचा जा रहा था। उक्त व्यक्तियो द्वारा झारखंड सरकार द्वारा पारित लॉकडाउन के आदेश का उल्लघन करने के आरोप में भादवि की धारा १८८/२६९/२९० एवं ५१ बी आपदा प्रबंधन के तहत मामला दर्ज किया गया है।

## फूड ट्रक संचालन हेतु महिला संगठन दिया खाद्यान्न, डीइजीएस कोष में हुए 17 लाख जमा




**चाईबासा कार्यालय, 11 अप्रैल :** कोरोना वायरस संक्रमण के खिलाफ जारी जंग में जिला प्रशासन द्वारा संचालित फूड ट्रक को लगातार सहयोग मिल रहा है। आज एकल महिला संगठन द्वारा ५० पैकेट सूखा खाद्यान्न उपलब्ध कराया गया। जिसमें प्रति पैकेट ५ किलो चावल, २ किलो आलु, ५०० ग्राम दाल, नमक एवं २०० ग्राम सरसो तेल दिया गया है। संगठन के अध्यक्ष उर्मिला शर्मा, सरिता जालान, सुमन सुल्तानिया ने आमलाटोला में फूड ट्रक को उक्त खाद्यान्न उपलब्ध कराया। वहीं अब तक नजारत डीइजीएस कोश खाते में १७,०४,३८८ की राशि जमा करवायी गयी है। आज १३वें तीन फूड ट्रक से चाईबासा के गांधीटोला, तुरीटोला, छोटानीमडीह, बड़ानीमडीह, टूंगरी प्रेमगली में लगभग ६०० लोगो को फूड ट्रक से भोजन कराया गया। वहीं चक्रधरपुर के रियूजी कॉलोनी, मिल्लत कॉलोनी, पम्प रोड में लगभग ५५० लोगो को गर्म भोजन उपलब्ध कराया गया। वहीं जगन्नाथपुर के पटाजैंत पंचायत स्थित पोकाम कालिन्दी वस्ती, लोहारटोली, पुरतीसाई, सिरकासाई, मुण्डासाई, छनपदा के नायकटोला में लगभग ६१० लोगो को गर्म भोजन कराया गया। वहीं नोवामुण्डी के दुधबिला, वाहदा गांव के गोपटोला, वाहदा खास, रेगड़ासाईटोला में ६४० लोगो को गर्म भोजन कराया गया। मनोहरपुर के सरगीडीह गांव के कोकलोटोला एवं कासीपुर में २०० लोगो को फूड ट्रक से भोजन कराया गया। इस दौरान सामाजिक दूरी का अनुपालन किया गया। लोगो के बीच मास्क वितरण किया गया और सैनिटाइजर देकर हाथ साफ कराया गया।

## ग्रामीण क्षेत्रो में दीदी कीचन एवं भात-दाल केन्द्र पर निर्भर है गरीब



**चाईबासा कार्यालय, 11 अप्रैल :** लॉकडाउन के दौरान ग्रामीण क्षेत्रो में दीदी कीचन एवं दाल-भात केन्द्र गरीब-असहाय का सहारा बना हुआ है। तांतनगर प्रखंड के पूर्णिया में ८७, तांतनगर में १३५, काठभारी में ९५, खासपोखिया में ९०, टांगरपोखरिया में ११२, अंगरडीहा में १६७, तेंतेरा में ८३, कासिया में ११३ कुल ८८२ ग्रामीणो को आज मुख्यमंत्री दीदी कीचन में भोजन कराया गया। वहीं मुख्यमंत्री दाल-भात केन्द्र कोकचो में ९९ एवं चिटिमिटी में ६५ लोगो को भोजन कराया गया है। प्राय: सभी ग्रामीण क्षेत्रो में दीदी कीचन पर असहाय, गरीब, दिव्यांग निर्भर है।

### प्राथमिक शिक्षक संघ कोरोना संकट में मदद के लिए देगा 2 लाख

**चाईबासा :** अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ पश्चिमी सिंहभूम कोरोना वायरस संक्रमण के रोकथाम हेतु जारी लॉकडाउन के दौरान जिला प्रशासन द्वारा गरीब-असहाय को उपलब्ध कराये जा रहे भोजन कार्यक्रम में २ लाख रूपये का सहयोग करेगा। नगरपालिका बंगला मध्य विद्यालय के प्रधानाध्यापक असीम कुमार सिंह के सलाह पर संघ की जिला इकाई द्वारा सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया है। संघ के अध्यक्ष महेश सिंह एवं महासचिव उपेन्द्र सिंह ने आपदा के घड़ी में प्रशासन द्वारा गरीबो को सहयोग किया जाता है तो जिला वासियों का भी फर्ज बनता है कि वे भी आर्थिक सहयोग करें।

## चापानल पर थूकने की शिकायत के बाद सीएम के आदेश पर अधिकारियों ने किया प्रभावित गांव का दौरा



**नोवामुंडी,11 अप्रैल ( रिपोर्टर ) :** मझगाँव थाना अन्तर्गत कंका गाँव के युवक तिलोक नेतम गौंड़ ने समुदाय विशेष का हवाला देकर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को ट्वीट कर बताया कि एक समुदाय के लोग कंका गाँव में रात में आकर चापानल पर थुक कर फरार हो जाते हैं इससे गाँव समेत मझगाँव में भी कोरोना संक्रमित होने की आशंका जाहिर किया था. इस मामला को सीएम श्री सोरेन ने काफी गंभीरता से लेते हुए 12 घंटे के अंदर स्थलीय जाँचकर रिपोर्ट तलब किया था. शानिवार को जगन्नाथपुर अनुमंडल की एसडीओ स्मृता कुमारी, एसडीपीओ प्रदीप उरांव, प्रखण्ड विकास पदाधिकारी बीरेन्द्र किंडो व मझगाँव थाना प्रभारी अकील अहमद ने कंका गाँव पहुंच कर मामले की छानबीन की. इस मामला के तह तक पहुँचने के लिए कई पहलूओं से इसकी पडताल की गई. तहकीकात के बाद प्रदीप उरांव ने तिलोक नेतम गौड के ट्वीट को अफवाह करार दिया. मौके पर चेतावनी देते हुए कहा कि अगर दोबारा किसी प्रकार का समुदाय विशेष पर झूठा अफवाह अथवा आरोप लगाया तो कठोर कार्रवाई की जाएगी. उसे बख्शा नहीं जाएगा. वहीं, एसडीपीओ ने स्थानीय लोगों से कहा कि पश्चिमी सिहंभूम जिले में एक भी कोरोना संक्रमित बीमारी के लोग नहीं है. कहा कि अफवाह से बचे तथा अपने घरों में ही रहे. मौके पर सभी को चेतावनी देते हुए कहा कि कोई भी व्यक्ति अकारण बाईक में घर से निकलता है, तो वैसे लोगों को पकड़ कर बाईक जब्त कर लॉक डाउन उल्लंघन के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की जाएगी. मौके पर एएसआई विफन सिंह, समेत प्रशिक्षु दारोगा भी उपस्थित थे.

## नोवामुंडी प्रखंड में 3 हजार ट्रक खडे हैं, 5 हजार से अधिक चालक व खलासी काम से बैठ गये



**नोवामुंडी,11 अप्रैल ( रिपोर्टर ) :** नोवामुंडी प्रखंड क्षेत्र के गुवा, किरीबुरू मेघाहातुबुरू के सेलतथा नोवामुंडी के टाटा स्टील खदानों में रात दिन दौडने वाले कई ट्रकों को लॉकडाउन के चलते खडे कर दिए गये हैं. उधर, बडाजामदा के विभिन्न खदानों व रेलवे साईडिंग में चलने वाले भारी ट्रकों को भी जहाँ तहाँ खडे किये गये हैं. नोवामुंडी में करोंडों की लागत पर बन रहे रेलवे के ओवर ब्रिज का निर्माण कार्य भी बंद पडे हैं. वहीं, टाटा स्टील के कर्मचारियों के लिए बन रहे क्वॉटर्स भवनों का निर्माण कार्य भी बंद है,इधर, प्रखंड क्षेत्र के दिघिया में संचालित क्रेशर में भी काम बंद हो गया है. खदान, क्रेशर ,रेलवे साईडिंग, भवन निर्माण, ओवर ब्रिज निर्माण आदि का काम अचानक ही लॉकडाउन के चलते बंद हो जाने से पूरे प्रखंड क्षेत्र में जहाँ तहाँ लगभग 3 हजार ट्रक खडे कर दिए गए हैं,जिससे करीब 5 हजार चालक तथा सहचालक बेरोजगार हो गये हैं. इन 5 हजार चालक व खलासी के ऊपर लगभग 7 हजार परिवार के सदस्य आश्रित हैं,जो ट्रकों के खडे हो जाने के चलते प्रत्यक्ष व परोक्ष रुप से लॉकडाउन की वजह से प्रभावित हो गया है.

# एमएस धोनी पर नहीं बनाना चाहिए रिटायरमेंट का दबाव : नासिर हुसैन

**मुंबई, 11 अप्रैल ईएमएस :** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) का 13वां सीजन महेंद्र सिंह धोनी के लिए अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पैमाना माना जा रहा था। कुछ लोगों का मानना है कि धोनी का सुनहरा वक्त बीत चुका है। दूसरी ओर कोच रवि शास्त्री ने साफ कर दिया है कि आईपीएल धोनी के अलावा कुछ अन्य खिलाड़ियों के लिए टी20 वर्ल्ड कप में जगह बनाने का मौका हो सकता है।

हालांकि इस साल आईपीएल का भविष्य अभी संकट में नजर आ रहा है लेकिन इंग्लैंड के पूर्व कप्तान नासिर हुसैन ने कहा है कि धोनी पर संन्यास लेने का दबाव नहीं बनाना चाहिए। क्योंकि अगर धोनी एक बार चले गए तो आप उन्हें दोबारा टीम में शामिल नहीं कर सकते।






उन्होंने स्टार स्पोर्ट्स से कहा, क्या महेंद्र सिंह धोनी भारतीय टीम में जगह के हकदार हैं? यह सीधी सी बात है। यह नियम हर किसी पर लागू होता है। जितना मैंने धोनी को देखा है, मुझे लगता है कि वह अभी भारतीय क्रिकेट को काफी कुछ दे सकते हैं। हां, एक-दो ऐसे मामले हुए हैं, जब लक्ष्य का पीछा करने के मामले में उनसे गलती हुई, जैसे कि इंग्लैंड के खिलाफ वर्ल्ड कप का मुकाबला। लेकिन कुल मिलाकर देखें तो धोनी अब भी बहुत प्रतिभाशाली खिलाड़ी हैं।

उन्होंने कहा, और इस बात का ख्याल रखें कि एक बार अगर वह चले गए तो आप उन्हें दोबारा टीम में शामिल नहीं कर सकते। धोनी ऐसे खिलाड़ी हैं जो एक पीढ़ी में एक बार आते हैं। उन पर जल्दी रिटायरमेंट लेने का दबाव मत बनाइए। सिर्फ धोनी अपनी मानसिक स्थिति जानते हैं और अंत में फैसला सिलेक्टर्स को करना है।

कोच शास्त्री ने कहा था- यह सब इस बात पर निर्भर करता है कि वह कब खेलना शुरू करते हैं और आईपीएल में कैसा खेलेंगे साथ ही विकेटकीपिंग में अन्य खिलाड़ी कैसा कर रहे हैं या फिर उनका फॉर्म धोनी के फॉर्म के मुकाबले कैसा है, ये सब बातें भी मायने रखेंगी। टी20 वर्ल्ड कप से पहले आईपीएल आखिरी बड़ा टूर्नमेंट है, इसके बाद आपके अंतिम 15 लगभग तय हो जाएंगे।

आईपीएल को लेकर हालांकि संदेह बरकरार है, जो पहले 29 मार्च को शुरू होना था लेकिन बाद में इसे 15 अप्रैल तक टाल दिया है। हालांकि उस वक्त भी उसका शुरू होना अब मुश्किल है क्योंकि खबर है कि प्रदेश के मुख्यमंत्रियों और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बीच हुई बैठक में यह फैसला होने की खबर है कि देशभर में लॉकडाउन 15 दिन के लिए बढ़ाया जाए।

# पश्चिम बंगाल में लॉकडाउन के दौरान धार्मिक जमावड़े पर गृह मंत्रालय सख्त

## मुख्य सचिव और डीजीपी को लिखा पत्र

**नई दिल्ली, 11 अप्रैल ईएमएस :** गृह मंत्रालय ने पश्चिम बंगाल में लॉकडाउन के उल्लंघन पर सख्त नाराजगी जताई है और कहा कि पश्चिम बंगाल पुलिस ने लॉकडाउन के दौरान धार्मिक जमावड़े की अनुमति दी है। इसके साथ ही मंत्रालय ने कहा कि पश्चिम बंगाल में लॉकडाउन का असर धीरे- धीरे घटता जा रहा है। यहां तक कि राज्य पुलिस के द्वारा लॉकडाउन के दौरान गैरजरूरी सामग्री से जुड़ी दुकानों को खोलने की अनुमति भी दी गई। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने पश्चिम बंगाल के मुख्य सचिव और डीजीपी से कहा कि लॉकडाउन के दौरान सब्जी, मछली और मटन बाजार में कोई नियम नहीं है और राज्य में इन स्थानों पर सामाजिक-दूरी (सोशल डिस्टेंसिंग) के नियमों का उल्लंघन किया जा रहा है। पश्चिम बंगाल में शनिवार को कोरोना वायरस के 6 और मामले सामने आए हैं, जिसके बाद राज्य में 11 अप्रैल तक कुल मरीजों की संख्या 95 पहुंच गई है। राज्य की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने यह जानकारी दी।

वहीं, केंद्रीय मंत्री बाबुल सुप्रियो ने कोविड-19 महामारी को नियंत्रित करने के लिए लगाए गए लॉकडाउन के बीच एक बड़ा फूल बाजार को खोलने की अनुमति देने के लिए शनिवार को पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की आलोचना की और दावा किया कि इससे लोगों की सुरक्षा खतरे में पड़ जाएगी। वरिष्ठ भाजपा नेता ने कहा कि इस फूल बाजार के खुलने से गलत संकेत जाएगा कि राज्य कोरोना वायरस के खतरे से नहीं जूझ रहा है।

परीक्षण किट की आपूर्ति से लेकर राशन सामग्री में कथित लूट तक विभिन्न मुद्दों पर अपने ट्विटर हैंडल पर मुख्यमंत्री की आलोचना करते रहे सुप्रियो ने शनिवार को ट्वीट किया कि हावड़ा फूल बाजार को खोलकर मुख्यमंत्री जन सुरक्षा को खतरे में डाल रही हैं और यह दर्शाता है कि राज्य में स्थिति खतरनाक है।

**डॉक्टर्स एसोसिएशन, भाजपा ने बंगाल में कोरोना पीड़ितों के आंकडे पर उठाए सवाल**

केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के मुताबिक पश्चिमी बंगाल में अब तक कोरोना वायरस के सिर्फ 116 मामले सामने आए हैं। इस आंकड़े को लेकर पश्चिम बंगाल डॉक्टर्स एसोसिएशन और भाजपा ने सवाल उठाए हैं। पश्चिम बंगाल डॉक्टर्स एसोसिएशन ने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को एक पत्र लिख कर अनुरोध किया है कि कोरोना वायरस के संक्रमण को देखते हुए कोरोना पीड़ितों की सही और प्रामाणिक संख्या सार्वजनिक की जाय, ताकि विश्व के सामने राज्य की सही तस्वीर जाए। डॉक्टर्स एसोसिएशन की इस मांग का भाजपा ने भी समर्थन किया है। भाजपा के एक प्रतिनिधिमंडल ने शनिवार को राज्यपाल जगदीप धनखड़ से मुलाकात की और कोरोना पीड़ित लोगों की सही तस्वीर जनता के सामने लाने के लिए अपने प्रभाव का इस्तेमाल करने का अनुरोध किया। राज्यपाल से मुलाकात के बाद पश्चिम बंगाल भाजपा के पूर्व अध्यक्ष राहुल सिन्हा ने ममता सरकार पर डेटा छिपाने का आरोप लगाया है। राहुल सिन्हा के मुताबिक राज्य के मालदा और पश्चिम मेदिनापुर जिले में टेस्टिंग किट मौजूद होने के बावजूद लोगों की टेस्टिंग नहीं की जा रही है। राहुल सिन्हा ने आरोप लगाया कि बड़ी संख्या में तब्लीगी जमात के लोग भागकर पश्चिम बंगाल आए हैं। ममता सरकार को डर लगता है कि अगर उन्होंने टेस्ट कराया तो उनका वोट बैंक नाराज हो जाएगा। सिन्हा ने पश्चिम बंगाल की पुलिस पर भी आरोप लगाया कि उनके पास पूरी सूचना है। लोगों की लिस्ट है कि कौन कौन दिल्ली के मरकज में शामिल हुए थे। बावजूद इसके राजनीतिक डर से पुलिस उन लोगों के खिलाफ करवाई नहीं कर पा रही है।

कोरोना वायरस के चलते

# मैच देखने नहीं पहुंचे फैन्स तो क्लब ने बैठा दिए पुतले!



**मिन्स्क, 11 अप्रैल ईएमएस :** कोरोना वायरस के चलते दुनियाभर में सोशल डिस्टेंसिंग का पालन किया जा रहा है लेकिन यूरोपीय देश बेलारूस में अभी भी प्रफेशनल स्पोर्ट्स इवेंट्स का आयोजन किया जा रहा है। हालांकि, धीरे-धीरे यहां फैन्स ने खुद है आना छोड़ दिया है। ऐसे में बेलारूस के लीग चैंपियन डायनमो ब्रेस्ट ने ऑडियंस का फील लाने के लिए अनोखा तरीका अपनाया। यहां स्टैंड्स में असली फैन्स की जगह पुतले बैठा दिए गए हैं।

# कोरोना वायरस की चपेट में आया लिवरपूल का दिग्गज फुटबॉलर

**लंदन, 11 अप्रैल ईएमएस :** लिवरपूल के दिग्गज सर केनी डालग्लिश कोरोना वायरस से संक्रमित पाए गए हैं. डालग्लिश के परिवार ने एक बयान में कहा कि केल्टिक में अपने करियर की शुरुआत करने वाले 69 साल के पूर्व स्कॉटिश इंटरनेशनल स्ट्राइकर को कोरोना वायरस की जांच के लिए बुधवार को अस्पताल में भर्ती कराया गया था.



बयान के अनुसार, अप्रत्याशित रूप से टेस्ट पॉजिटिव था. अस्पताल में भर्ती होने से पहले सर केनी ने अपने परिवार से कहा था कि वह ज्यादा समय तक खुद को एकांतवास में रखेंगे. वह जल्द ही घर लौटने के लिए उत्साहित हैं. उनके बारे में और कोई नई जानकारी हम जल्द ही देंगे.

# कोविड-19 के खिलाफ लड़ाई में आईओए ने जुटाई 10 करोड़ से ज्यादा की राशि

**नई दिल्ली, 11 अप्रैल ईएमएस :** देश में कोरोना वायरस कोविड-19 के खतरे से निपटने के लिए भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) ने अपने खेल संघों और अन्य सदस्यों के जरिए 10 करोड़ से ज्यादा राशि इकट्ठा कर ली है जिसे प्रधानमंत्री राहत कोष में दिया जाएगा। आईओए के महासचिव राजीव मेहता ने यह जानकारी देते हुए बताया कि आईओए के आह्वान पर देशभर के खेल संघों ने यह राशि एकत्र की है और यह सिलसिला बना हुआ है। उन्होंने बताया कि कुछ राशि प्रधानमंत्री राहत कोष में जमा कराई जा चुकी है, कुछ संघ सीधे भी जमा करा रहे हैं जबकि बाकी राशि अगले कुछ दिनों में जमा करा दी जाएगी।

मेहता ने बताया कि अब तक 10 करोड़ रुपये से अधिक की राशि एकत्र की जा चुकी है। इसमें हॉकी इंडिया ने एक करोड़, ओमप्रकाश शर्मा (दिल्ली ट्रायथलन संघ) ने दो करोड़, भारतीय भारोत्तोलन महासंघ के बीपी वैश्य ने 1.50 करोड़, भुवनेश्वर कलिता (आईकेसीए-एओए) ने 1.10 करोड़, राज्यसभा सांसद और महिला मुक्केबाज एमसी मैरीकॉम ने एक करोड़ और अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ ने 25 लाख का सहयोग किया है।

भारतीय कुश्ती महासंघ ने 11 लाख, भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ ने 10 लाख, भारतीय पुरुष फुटबॉल टीम ने 50 लाख, राष्ट्रीय बैडमिंटन कोच पुलेला गोपीचंद ने 26 लाख, बैडमिंटन स्टार पीवी सिंधू ने 10 लाख और पूर्व हॉकी कप्तान धनराज पिल्लै ने 10 लाख रुपये का सहयोग किया है। भारतीय खो-खो महासंघ और भारतीय मुक्केबाजी महासंघ ने 11-11 लाख, इंडियन गोल्फ यूनियन और भारतीय बैडमिंटन संघ ने 10-10 लाख, इंडियन कयाकिंग और कैनोइंग एसोसिएशन ने आठ लाख, जिमनास्टिक फेडरेशन ने साढ़े पांच लाख, टेबल टेनिस महासंघ, तलवारबाजी महासंघ और वालीबाल फेडरेशन ने पांच-पांच लाख रुपये का योगदान दिया है।

राज्य ओलम्पिक संघों में उत्तराखंड ने 5 लाख, केरल ने 3 लाख, बंगाल ने 3 लाख, झारखंड ने 2 लाख, कर्नाटक ने 1.50 लाख, उत्तर प्रदेश ने 1.01 लाख, बिहार ने एक लाख, हिमाचल प्रदेश ने एक लाख, असम ने एक लाख, जम्मू-कश्मीर ने एक लाख, तमिलनाडु ने एक लाख, और अरुणाचल ने एक लाख रुपये का योगदान दिया है। गैर सदस्यों में भारतीय कराटे संघ ने 5 लाख, आईओएस स्पोर्ट्स ने 2.50 लाख, वाको किक बॉक्सिंग महासंघ ने एक लाख, महाराष्ट्र तलवारबाजी संघ ने एक लाख और भारतीय भारोत्तोलन महासंघ ने एक लाख रुपये की मदद दी है।

# टोक्यो ओलंपिक के सीईओ का चौंकाने वाला बयान

**टोक्यो, 11 अप्रैल ईएमएस :** टोक्यो ओलंपिक गेम्स के मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने कहा है कि 2020 से स्थगित होकर 2021 में होने वाला खेलों का महाकुंभ अगले साल भी हो पाएगा, इसकी कोई गारंटी नहीं है. टोक्यो ओलंपिक इसी साल होने वाले थे,लेकिन कोरोना वायरस महामारी की वजह से इन्हें एक साल के लिए टाल दिया गया है. टोक्यो ओलंपिक गेम्स की आयोजन समिति के सीईओ तोशिरो मुटो ने कहा कि यह बताना मुमकिन नहीं है कि कोविड-19 के साथ ये दुनिया जुलाई 2021 में कहां तक जाएगी. उन्होंने यहां एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, मैं नहीं समझता कि कोई भी ये कह सकता है कि अगले साल जुलाई तक ये काबू में होगा, ऐसा मुमकिन हो सकता है. लेकिन हम इस वक्त आपको सही जवाब देने के हालात में नहीं हैं. उन्होंने कहा, हम उम्मीद कर सकते हैं कि अगले साल तक हम कोरोना वायरस से निजात पा लेंगे. उनसे जब खेलों के न होने की स्थिति में मौजूद विकल्पों के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा, विकल्पों के बारे में सोचने से बेहतर है कि मनुष्य जाति को इस समय अपनी सभी तकनीक और समझदारी के साथ एकसाथ आना चाहिए,ताकि इस बीमारी का इलाज निकाला जा सके.




भीलवाड़ा मॉडल का क्रेडिट राहुल को देने पर

# सोनिया पर फूटा महिला सरपंच का गुस्सा

## राज्यवर्धन बोले- अब आएगा भूकंप



**नई दिल्ली, 11 अप्रैल ईएमएस :** कोरोना वायरस के प्रकोप पर काबू पाने को लेकर राजस्थान का 'भीलवाड़ा मॉडल' आज पूरे देश में चर्चा में है। इस बीच कोरोना के खिलाफ जंग में भीलवाड़ा की सफलता का क्रेडिट सोनिया गांधी द्वारा राहुल गांधी को दिए जाने पर देवरिया ग्राम पंचायत की सरपंच ने कांग्रेस अध्यक्ष पर हमला बोला है। सोनिया गांधी पर राजनीति करने का आरोप लगा सरपंच किस्?मत गुर्जर ने कहा कि जिले की महिलाओं, किसानों, ग्रामीणों और स्वयंसेवी संस्थाओं की कड़ी मेहनत की वजह से ही भीलवाड़ा में कोरोना के बढ़ते संक्रमण पर काबू पाया गया है। शनिवार को अपने ट्विटर अकाउंट से एक वीडियो जारी कर सरपंच किस्?मत गुर्जर ने कहा कि भीलवाड़ा वासियों की मेहनत का श्रेय सोनिया गांधी द्वारा राहुल गांधी को दिया जाना दु:खद है। उन्होंने कहा कि कोरोना वायरस के खिलाफ अभियान का क्रेडिट जिले के लोगों को मिलना चाहिए न कि राहुल गांधी और राज्य की सरकार को। अपने वीडियो में सरपंच किस्मत गुर्जर ने कहती हैं, आज मैं पढ़ रही थी कि भीलवाड़ा मॉडल के लिए सोनिया गांधी ने राहुल गांधी को क्रेडिट दिया और उनकी तारीफ की। मुझे इसका बहुत दुख हुआ।आज जिसे भीलवाड़ा मॉडल कहा जा रहा है, दरअसल उसके पीछे यहां के किसानों, महिलाओं, ग्रामीणों और भीलवाड़ा की स्वयंसेवी संस्थाओं की कड़ी मेहनत है। पिछले कई दिनों से राज्य सरकार जिसका क्रेडिट लेने की लगातार कोशिश कर रही है और आज राहुल गांधी ने लेने की कोशिश की, वो दरअसल स्थानीय लोगों की मेहनत का नतीजा है। जिन्होंने कोरोना से लड़ने के लिए छोटी-छोटी बातों का कड़ाई से पालन किया और आत्मसंयम का परिचय दिया।

वह आगे कहती हैं, हम लोग प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से बहुत प्रभावित हुए हैं। यहां के लोगों ने न सिर्फ लॉकडाउन का सही से पालन किया, बल्कि सोशल डिस्टेंसिंग और साफ-सफाई का ध्यान रखा है। डॉक्टर, नर्स, मेडिकल स्टाफ के साथ सहयोग करने को लेकर प्रधानमंत्री ने जो आग्रह किया है, उसका यहां के लोगों पर गहरा प्रभाव पड़ा है। यह समय राजनीतिक स्वार्थ-सिद्धि का नहीं है, बल्कि सतर्कता और संयम के साथ रोज मेहनत करने का है।

**काफी एक्टिव रहती हैं सरपंच**

किस्मत गुर्जर कोरोना के खिलाफ लड़ाई में शुरू से ही काफी एक्टिव रही हैं। उनके ट्विटर को खंगालने पर पता चलता है कि अपने पंचायत में कोरोना के खिलाफ जंग की कमान वह खुद ही संभाल रही हैं। उन्होंने अपनी पंचायत में खुद सैनिटाइजेशन किया था। इसका वीडियो भी उन्होंने अपने ट्विटर पर अपलोड किया था, जिसमें वह हाथ से मशीन के सहारे गांव में स्प्रे करती नजर आई थीं।

**अब भूकंप आएगा**

जयपुर ग्रामीण के सांसद और पूर्व केंद्रीय मंत्री राज्यवर्धन सिंह राठौर ने सरपंच किस्मत गुर्जर का वीडियो अपने ट्विटर पर शेयर किया है। सरपंच के वीडियो वाले ट्वीट को रिट्वीट कर उन्होंने लिखा है कि अब भूकंप आएगा। दरअसल, राज्यवर्धन सिंह राठौर ने राहुल गांधी पर एक तरह से कटाक्ष किया है, क्योंकि कुछ साल पहले राहुल गांधी ने कहा था कि उन्हें संसद में बोलने नहीं दिया जाता। अगर वह नोटबंदी पर संसद में बोलेंगे तो भूकंप आ जाएगा।

## पृष्ठ 1 का शेष

### लॉकडाउन 2 हफ्ते.........

का राष्ट्र के नाम संबोधन नहीं होगा। बैठक खत्म होने के करीब डे? घंटे बाद प्रधानमंत्री कार्यालय की तरफ से भी बयान जारी हुआ। इसके मुताबिक, लॉकडाउन खत्म करने की योजनाओं पर प्रधानमंत्री ने कहा, ''ऐसा लगता है कि लॉकडाउन को दो और हफ्तों के लिए ब?ाने पर राज्यों के बीच आपसी सहमति है।'' थो?ी ही देर बाद महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर ऐलान कर दिया कि राज्य में लॉकडाउन 30 अप्रैल तक रहेगा। इसी के साथ-साथ ममता बनर्जी ने भी बंगाल में लॉकडाउन 30 अप्रैल तक ब?ाने की घोषणा कर दी।

4 राज्यों में लॉकडाउन बढा, कुल 13 राज्य सरकारें इसके पक्ष में

दिल्ली की तरह 12 राज्य सरकारें लॉकडाउन बढाना चाहती हैं। पंजाब की कांग्रेस सरकार और ओडिशा की बीजद सरकार तो 30 अप्रैल तक लॉकडाउन बढाने का फैसला कर चुकी हैं। बाकी राज्यों ने भी मोदी सरकार को कम से कम दो हफ्ते तक लॉकडाउन ब?ाने का सुझाव दिया है। शनिवार शाम महाराष्ट्र सरकार और बंगाल सरकार ने भी लॉकडाउन ब?ाने का फैसला ले लिया। इससे पहले, प्रधानमंत्री ने शनिवार जब मुख्यमंत्रियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए 21 दिन में तीसरी बैठक की तो भी इसी तरह के विचार सामने आए। कम से कम 10 मुख्यमंत्रियों ने प्रधानमंत्री से लॉकडाउन ब?ाने को कहा। इस बैठक में मोदी गमछे को ही मास्क जैसे लगाए नजर आए। इससे पहले मोदी ने 20 मार्च और 2 अप्रैल को भी मुख्यमंत्रियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग पर चर्चा की थी।

प्रधानमंत्री ने कहा- जान है तो जहान है

बैठक में प्रधानमंत्री ने मुख्यमंत्रियों से कहा- ''मैं चौबीस घंटे, सातों दिन फोन पर उपलब्ध हूं। कोई भी मुख्यमंत्री कभी भी मुझे सुझाव दे सकता है।'' उन्होंने कहा- ''जान है तो जहान है। जब मैंने राष्ट्र के नाम संदेश दिया था, तो शुरुआत में इस पर जोर दिया था कि हर नागरिक की जान बचाने के लिए लॉकडाउन और सोशल डिस्टेंसिंग का पालन बहुत जरूरी है। देश के ज्यादातर लोगों ने बात को समझा और घरों में रहकर दायित्व निभाया। अब भारत के उज्जवल भविष्य के लिए, समृद्ध और स्वस्थ भारत के लिए जान भी, जहान भी, दोनों पहलुओं पर ध्यान देना जरूरी है। जब देश का प्रत्येक व्यक्ति जान भी और जहान भी, दोनों की चिंता करते हुए अपने दायित्व निभाएगा, सरकार और प्रशासन के दिशा-निर्देशों का पालन करेगा, तो कोरोना के खिलाफ हमारी लड़ाई और मजबूत होगी।''

### हेमंत सोरेन ने...........

बहुल प्रदेश है। लगभग चालीस प्रतिशत लोग इन्हीं वर्ग से हैं। इसे लेकर झारखंड में हमेशा आर्थिक दबाव बना रहा है। अभी लॉकडाउन में राजस्व स्त्रोत बंद हैं। केंद्र से वांछित मद में राशि अभी प्राप्त नहीं हो पाई है। झारखंड में बड़े पैमाने पर भारत सरकार के उपक्रम कार्यरत हैं। चाहे वह सेल हो या सीसीएल हो या कोई अन-?य उपक्रम। इनके पास हमारी बड़ी राशि बड़े पैमाने पर बकाया है। उस राशि का भुगतान नहीं किया जा रहा है। इसके अलावा जीएसटी की राशि भी अभी तक उपलब्ध नहीं हुई है। सीएम ने कहा कि यह अगर कराया जाए तो हमें कोरोना के खिलाफ जंग लड़ने में बहुत सहूलियत होगी।

उन्होंने पीएम से रिलीफ फंड के अनुसार भुगतान की स्वीकृति देने का आग्रह किया। कहा कि मनरेगा के तहत झारखंड में जो मजदूरी है, वह सबसे कम है। झारखंड के मजदूर दूसरे राज्य में मजदूरी करने जाते हैं और प्रतिदिन आठ सौ, नौ सौ रुपये कमाते हैं। यहां पर हम मनरेगा मजदूरी बढ़ाने पर भी दो सौ रुपये से पार नहीं कर पाए हैं। ऐसे में कोई मजदूर यहां काम नहीं कर पाएगा। हजार रुपया कमाने वाला मजदूर यहां दो सौ रुपये में कैसे काम कर पाएगा। हेमंत सोरेन ने कहा कि राज्य के अंदर बैठे असामाजिक तत्व इसका गलत फायदा उठाएंगे। इसलिए मनरेगा की न्यूनतम मजदूरी तीन सौ रुपये किया जाए।

### मानगो आजादनगर.........

**बिष्टुपुर के एक होटल में मिले चार जापानी**

बिष्टुपुर के एक होटल से चार जापानी को जांच के लिए एमजीएम अस्पताल लाए गए. उनका सैम्पल लेकर जांच के लिए भेज दिया. कोरोना वायरस का संदेह होने पर उनलोगों ने भी स्वास्थ्य विभाग से अपना जांच कराने की बात कही. बताया जाता है कि उनलोगों को जापान जाना है इसके लिए जांच जरूरी है.

**इंडोनेशिया से आयी युवती का लिया सैम्पल**

परसुडीह के मगदमपुर से एक युवती का सैम्पल लिया गया. वह कुछ दिन पहले इंडोनेशिया से आयी है. उसे भी एमजीएम अस्पताल के आईसोलेशन वार्ड में भर्ती कराया गया. अभी कोरोना वायरस के 16 संदिग्धों को आइसोलेशन वार्ड में भर्ती कराया गया है.

### झारखंड में कोरोना.......

गिरिडीह जिला के राजधनवार प्रखंड का रहने वाला है। ट्रैवल हिस्ट्री के मुताबिक यह मुंबई से कोडरमा आया है। कोडरमा में आइसोलेशन वार्ड में इसे भर्ती किया गया है।

हिंदपीढ़ी में सफाईकर्मियो को मिलेगी पूरी सुरक्षा तभी जाएंगे क्षेत्र में

रांची के हिंदपीढी में सफाईकर्मियों को सुरक्षा प्रदान करने पर मेयर आशा लकड़ा ने डीसी और एसएसपी को पत्र लिख एनफोर्समेंट टीम के साथ-साथ मोटरसाइकिल दस्ता उपलब्ध कराने को कहा है। मेयर ने पत्र में यह भी लिखा है कि सफाईकर्मियों को सुरक्षा नही दी गई तो संबंधित क्षेत्रों में सफाईकर्मियों की टीम नही जाएगी।

झारखंड में कोरोना के 3 नए मरीज मिले

झारखंड में कोरोना के फिर से 3 नए मरीज मिले हैं, शनिवार को एक बार फिर कोरोना के तीन पॉजिटिव केस सामने आए7 कोरोना के तीन और मरीजों में, रांची के हिंदपीढी, हजारीबाग तथा कोडरमा में एक-एक पॉजिटिव केस सामने आया है7 इस तरह झारखंड में कोरोना मरीजों की संख्या 17 हो गई है। स्वास्थ्य सचिव डॉ नितिन मदन कुलकर्णी ने तीन नए मामले मिलने की पुष्टि की है। राज्य में तीन और मरीज की पुष्टि के बाद कोरोना संक्रमितों की संख्या 17 हो गई है, पहली बार कोडरमा में कोरोना का मरीज मिला है।

### अनिल पालटा सीआईडी......

निदेशक अनिल पालटा को अपर पुलिस महानिदेशक अपराध अनुसंधान विभाग के पद पर पदस्थापित किया गया है। पालटा अपने कार्यों के अतिरिक्त अपर पुलिस महानिदेशक ट्रेनिंग का भी प्रभार देखेंगे। इधर अपर पुलिस महानिदेशक पुलिस आधुनिकीकरण आरके मल्लिक को स्थानांतरित करते हुए विशेष शाखा का अपर पुलिस महानिदेशक बनाया गया है। गुमला के एसपी अंजनी कुमार झा को स्थानांतरित करते हुए अगले आदेश तक अपराध अनुसंधान विभाग का पुलिस अधीक्षक बनाया गया है जबकि अपराध अनुसंधान विभाग के पुलिस अधीक्षक एचपी जनार्दनन को गुमला का पुलिस अधीक्षक बनाया गया है। जनार्दनन अपने कार्यों के अतिरिक्त आईआरबी पांच गुमला कैंप रांची के कमांडेंट का भी अतिरिक्त प्रभार दिया गया है।

### फेक न्यूज पर.......

और अन्य मीडिया प्लेटफॉर्म पर प्रसारित हो रहे इस पोस्ट की सत्यता का पता लगाएं. रतन टाटा ने आगे बताया कि मुझे कुछ कहना होता है तो मैं अपने आधिकारिक चैनल के जरिए कहता हूं. उम्मीद करता हूं कि आप लोग सुरक्षित होंगे और अपना खयाल रख रहे होंगे.

**क्या लिखा है फेक पोस्ट में?**

रतन टाटा के नाम से प्रकाशित फेक न्यूज में लिखा गया है- विशेषज्ञ कह रहे हैं कि कोरोना की वजह से अर्थव्यस्था तहस-नहस हो जाएगी. मैं इन विशेषज्ञों के बारे में नहीं जानता हूं लेकिन मैं यह जरूर कहना चाहूंगा कि इन विशेषज्ञों को मानवीय प्रेरणा और जुनून के साथ किए गए प्रयासों के बारे में ज्यादा जानकारी नहीं है.

### तम्बाकू खाकर........

पूर्णत: प्रतिबंधित करने का भी निर्देश दिया है. कहा कि यदि कोई भी अधिकारी, कर्मचारी अथवा आगंतुक इसका उल्लंघन करते हैं तो उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी. उपायुक्त ने पुलिस अधीक्षक सहित एसडीओ, बीडीओ, सीओ को इस कानून का अनुपालन सुनिश्चित कराने एवं उल्लंघन करने पर कार्रवाई का निर्देश दिया है. साथ ही सभी सरकारी/ गैर सरकारी परिसरों में उक्त आशय का बोर्ड लगवाने के निर्देश दिया है.

'थूकने से फैलती है गंभीर बीमारी'

उपायुक्त ने उक्त निर्देश में कहा है कि तंबाकू का सेवन जन स्वास्थ्य के लिए बड़े खतरों में से एक है. थूकना एक सार्वजनिक स्वास्थ्य खतरा है और संचारी रोग के फैलने का एक प्रमुख कारण है. थूकने के कारण कई गंभीर बीमारी यथा कोरोना, इंसेफलाइटिस, यक्ष्मा, स्वाइन फ्लू आदि का संक्रमण फैलने की आशंका रहती है.

तम्बाकू के उपयोग में कमी : सीड्स

झारखंड में तम्बाकू नियंत्रण हेतु राज्य सरकार की तकनिकी संस्थान सोशियो इकोनॉमिक एंड एजुकेशनल डेवलपमेन्ट सोसाइटी (सीड्स) के कार्यपालक निदेशक दीपक मिश्र ने उम्मीद जताई कि इससे तम्बाकू के उपयोग में कमी आएगी. श्री मिश्र ने बताया कि हाल ही में विश्व स्वास्थ्य संगठन और भारत सरकार द्वारा प्रकाशित गैट्स-2 के सर्वे में झारखंड में तम्बाकू सेवन करने वालों में कमी आई है, यह आंकड़ा पिछले 7-8 साल में 50.1 प्रतिशत से घट कर 38.9 प्रतिशत हो गया है. जिसमें चबानेवाले तम्बाकू सेवन करने वालों का प्रतिशत 35.4 प्रतिशत है.

# टाटा स्टील ने कलिंगानगर में बनाया 150 बेड का हॉस्पिटल

## कोरोना वायरस के मरीजों का होगा इलाज

## सरकार को पहले भी एक अस्पताल कर चुकी है समर्पित

**जमशेदपुर, 11 अप्रैल ( रिपोर्टर ):** टाटा स्टील की ओर से कोरोना वायरस के बचाव को लेकर कई तरह की तैयारी जा रही है. टाटा स्टील ने कलिंगानगर में मेडिका अस्पताल के साथ मिलकर 150 बेड का कोरोना वायरस से ग्रसित मरीजों के लिए हॉस्पिटल बनाया है. इसके साथ ही टीएमएच समेत अन्य कई जगह कोरोना वायरस के बचाव के लिए कई नई सुविधाएं की है.

शनिवार की शाम टाटा स्टील की ओर से टेली कांफ्रेंसिंग का आयोजन किया गया जिसमें टीएमएच के जीएम डा. राजन चौधरी, टाटा स्टील के चीफ सीएसआर सौरभ राय, चीफ कॉरपोरेट कम्युनिकेशन कुलवीन सूरी, जुस्को के प्रबंध निदेशक तरुण डागा जुड़े. इस मौके पर पत्रकारों से बातचीत करते हुए टीएमएच के जीएम डा. राजन चौधरी ने कहा कि ओड़िशा के गोपालपुर में टाटा स्टील ने 200 बेड का अस्पताल बनाया है. पिछले दिनों अस्पताल का उद्घाटन ओड़िशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने किया था. उन्होंने कहा कि हॉस्पिटल ओड़िशा सरकार को कोरोना वायरस से मरीजों के इलाज के लिए समर्पित किया है. उन्होंने कहा कि अस्पताल में वेंटिलेटर की सुविधा है. उन्होंने कहा कि ओड़िशा के गंजाम में भी गंजाम में 78 बेड का अस्पताल बनाया जिसमें सात वेंटीलेटर है. उन्होंने कहा कि कलिंगनगर में 150 बेड का अस्पताल बनाया है. अस्पताल दस वेंडिलेटर है. उन्होंने कहा कि जोड़ा माइंस में भी 50 बेड क आइसोलेशन वार्ड बनाया गया है जिसमें पांच सीसीयू लगाए गए हैं.

### टीएमएच में बनेगा गर्भवती महिलाओं के लिए स्पेशल वार्ड

टीएमएच के जीएम डा. राजन चौधरी ने कहा कि टीएमएच में कोरोना वायरस के मरीजों या संदिग्ध मरीजों के लिए स्पेशल वार्ड बनाया जाएगा. मंगलवार से स्पेशल वार्ड की सुविधा मिलेगी. उन्होंने कहा कि कई गर्भवती महिलाएं दूसरे जिले से प्रसव के लिए टीएमएच पहुंचती हैं. कई ऐसी भी महिलाएं आती हैं जिनका क्वारंटाइन का रिकॉर्ड रहता है. इस तरह की गर्भवती महिलाओं को सामान्य महिलाओं के साथ नहीं रख सकते हैं. उन्होंने कहा कि दूसरे जिलों से यात्रा कर आने वाली महिलाओं के लिए मंगलवार तक स्पेशल वार्ड तैयार कर रहे हैं. जहां के सभी स्टॉफ उनके लिए रहेंगे। वहीं, डॉ. चौधरी ने बताया कि टीएमएच में सेंट्रालाइज्ड 530 बेड का आइसोलेशन वार्ड और 37 वेंटीलेटर तैयार हो चुका है. इस मौके पर चीफ सीएसआर सौरभ राय ने कहा कि टाटा स्टील कोल्हान में जिला प्रशासन के सहयोग से वैसी गर्भवती महिलाओं की सूची तैयार कर रहे हैं जो अप्रैल या मई माह में बच्चे को जन्म देने वाली है. उन्होंने कहा प्रयास है कि कोरोना वायरस के संक्रमण से जच्चा-बच्चा पूरी तरह से सुरक्षित रहें.

### शहरवासियों से अपील मरीज के साथ भीड़ न लगाएं

उन्होंने शहरवासियों से अपील की कि जिस तरह से कोरोना वायरस को लेकर संक्रमण फैलने की आशंका है उसे देखते हुए कोई भी मरीज के साथ एक ही परिजन नहीं आएं. उन्होंने कहा कि किस तरह के मरीज में कोरोना वायरस का संक्रमण है पता नहीं चलता है . उन्होंने कहा कि इससे मरीज, परिजन व अस्पताल के डॉक्टरों, नर्सों व कर्मचारियों को नुकसान होता है.

### टाटा स्टील पांच लाख लोगों को करा चुकी है भोजन

टाटा स्टील के चीफ सीएसआर सौरभ राय ने कहा कि कोरोना वायरस को लेकर लगाए गए लॉक डाउन में अब तक पांच लाख लोगों को भोजन करा चुकी है. उन्होंने कहा कि 28 मार्च से जिला प्रशासन व अन्नामृत फाउंडेशन के साथ मिलकर 140 बस्तियों के 55 हजार लोगों को हर दिन भोजन करा रही है. उन्होंने कहा कि पिछले 14 दिनों में टाटा स्टील ने एक समय का जरूरतमंदों को भोजन करा रही है. जिला प्रशासन की ओर से चावल व दाल मिलता है जबकि बनाकर बस्तियों तक पहुंचाने में टाटा स्टील को प्रति व्यक्ति 25 रुपये का खर्च आता है. उन्होंने कहा कि अब तक 45 लाख रुपये की आर्थिक मदद मिली है. कई एनजीओ व स्वयंसेवक हैं जो भोजन वितरित करने में हमें सहयोग कर रहे हैं. उन्होंने कहा कि कलिंगनगर, नोवामुंडी, वेस्ट बोकारो व झरिया में भी टाटा स्टील 5500 लोगों को दोपहर का भोजन करा रही है. उन्होंने कहा कि फरिश्ते कार्यक्रम के तहत सात शहरों से 135 कर्मचारी लाकडाउन में 1400 लोगों तक इंटरनेट से अपनी पहुंच बना चुके हैं जो कई रोचक कहानियों, कैरिअर काउंसलिंग की मदद कर रहे हैं.

## जुस्को ने कदमा बाजार में लगाया डिस इंफेक्शन चैम्बर




टाटा स्टील यूटिलिटीज एंड इंफ्रास्ट्रक्चर सर्विसेज लिमिटेड पूर्व में जुस्को के प्रबंध निदेशक तरुण डागा ने कहा कि कदमा बाजार में डिस इंफेक्शन चैम्बर लगाया गया है. कई अन्य बाजार में डिस इंफेक्शन चैम्बर लगाने की योजना है. उन्होंने कहा कि कदमा गणेश पूजा मैदान में चैम्बर लगाया गया है. कोई भी व्यक्ति बाजार जाता है तो उसे चैम्बर से होकर जाना पड़ेगा. उन्होंने कहा कि केबिन में अंदर जाने पर पांच सेकेंड में व्यक्ति बाहरी किसी भी वायरस से मुक्त हो जाएगा. उन्होंने कहा कि डिस इंफेक्शन चैम्बर की लंबाई नौ फीट, ऊंचाई 6.5 फीट व चौड़ाई चार फीट है. उन्होंने कहा कि कोरोना वायरस को रोकने में काफी सहयोग मिलेगा.

## नही मान रहे लोग, कई मार्निग वाकर पकड़े गये

### चेतावनी देकर छोड़ा गया

**जमशेदपुर 11 अप्रैल संवाददाता :** शहर के लोग नहीं मान रहे सरकारी आदेश में घरो से बाहार निकलना ,मार्निग वाक समेत अन्य समय पर बेवजह विभिन्न थाना क्षेत्रों में घूमते हुये कई पकड़े गये .जिन्हे बसों से थाना में लाया गया व बाद में चेतावनी देकर व पी आर बान्ड पर छोड़ा गया है.यह अभियान शहर में सिटी एसपी सुभाषचन्द्र जाट,सीसीआर डीएसपी अरविन्द कुमार समेत थाना प्रभारी के दवारा चलाया गया है.मिली जानकारी के अनुसार सिदगोड़ा पुलिस ने एग्रिको में घूमते हुये गुरदयाल सिंह,सुखविन्दर सिंह,अरविन्द कुमार,विदेशी नंदा,समर दता,भीम सिंह,सुनील कुमार ठाकुर,जेम्स कच्छप,चितरंजन प्रसाद सिन्हा,राकेश कुमार,मनोज कुमार ,दिनों भाई दुबें,सजंय तिवारी ,सत्यनारायण शर्मा,सुनील कुमार ,पुसु देश कुश्वाहा,राजन कुमार है जिनके खिलाफ स अनि संतोष कु मार के बयान पर लोक डाउन उल्लंघन का मामला दर्ज किया गया है.ओलीडीह पुलिस ने सुबह में कालियाापुर समेत अन्य स्थानों में घूमते हुये बबन यादव,विमल कुमार,देबु दता,यशंवत सिंह,जगदीश मंडल,सुरज कुमार,शंकर कुमार यादव,दास,गुडु कुमार,शान सिंह साहु,ओमप्रकाश प्रसाद,प्रतीक जोजवार,रविकांत ,दिवाकर,विजय कुमार,संजय प्रमाणिक,उज्जवल ,अभय टोप्पो,सुरेन्द्र टुडु ,जोनी किस्कु,रामदेव प्रजापति,अमीत कुमार,कुन्दन कुमार झा,मनसाराम महतो है जिनके खिलाफ दंडाधिकारी श्री श्रवण कुमार के बयान पर लोक डाउन उल्लंघन करने का मामला दर्ज किया गया है.बिस्टुपुर में घुमते हुये कमलेन्दु सिंह,मोहम्मद शागीर,जेम्स,विशाल प्रसाद,विकास गुप्ता,सन्नी कुमार,मोहम्मद जमालउदीन,अक्षय गोप है जिनके खिलाफ दंडाधिकारी नेसार अहमद अंसारी के बयान पर लोक डाउन उल्लंघन का मामला दर्ज किया गया है.गोलमुरी चौक व पुलिस लाईन समेत अन्य स्थानों घुमते हुये मंजीत सिंह,अरुण कुमार पांडे,शंकर दास,करीम गगाराई.विभुति बैठा,रिवेश कुमार,बानिका ब्रतो सरकार,सपन पाल,अजीत कुमार,मनीष प्रसाद,बलबीर कुमार सिंह,जुबैर हुसैन,मोहम्मद नसरुदीन,संजय विभर है जिनके खिलाफ दंडाधिकारी विपिन कुमार सिंह के बयान पर लाकडाउन उल्लंघन करने का मामला दर्ज किया गया है.

### घर-घर में जांच करने पहुंचे कर्मी को लेकर हंगामा

### लोगों ने पकड़कर पुलिस को सौंपा

**जमशेदपुर 11 अप्रैल संवाददाता :**सरकारी स्तर पर जिला प्रशासन द्वारा कोरोना वायरस को लेकर घरों घरों में सरकारी कर्मचारी द्वारा यह सर्वे कराया जा रहा है गत 15 दिनों के अंतराल में कोई बाहरी व्यक्ति आया है या नहीं उसकी जानकारी लेने कार्य किया जा रहा है उसी के आज बर्मामाईन्स इस्ट प्लांट बस्ती में टीम सर्वे करने पहुंची हुयी थी जिसके दवारा प्रत्येक घर पर जाकर सर्वे किया जा रहा था व पुछताछ की जा रही थी कोई व्यक्ति आया है कि नहीं उसकी रिर्पोर्ट तैयार की जा रही थी उसी बीच जब वह सर्वे करते पहुंचा तो लोगों को लगा कि कोरोना फैलाने पहुंचा है फिर क्या था लोगो ने घरों से निकल गये व हंगामा करने लगे उसे धरदबोचा व पकड़कर कब्जे में कर लिया गया वह लोगों को अपनी सफाई दे रहा था कि वे सरकारी स्तर पर यह जांच करने आया है कि कोई बाहरी है या नही व लिखित आदेश भी दिखा रहा था पर कोई सुनने को तैयार नहीं था पुलिस को सूचना दी गयी। मौके पर पुलिस पहुंची व कब्जे से मुक्त कराकर थाना लाई जिसे पुलिस ने छोड़ दिया .



झारखण्ड सरकार

अनावश्यक घर से बाहर न निकलें
घर में रहें, सुरक्षित रहें

अपील

जब भी घर से निकलें, मास्क जरूर पहनें। मास्क न हो, तो किसी साफ कपड़े से तीन लेयर का मास्क बनाकर नाक और मुंह को अच्छी तरह ढक लें। कोरोना वायरस से बचें, सबको बचाएं।

कोरोना वायरस से अपनी और परिवार की जान बचाएं। कोरोना वायरस से बचने के लिए सामाजिक दूरी जरूरी है। हर व्यक्ति से न्यूनतम एक मीटर की दूरी हमेशा बनाए रखें। यह दूरी छह फीट से अधिक हो, तो बेहतर।

सामाजिक दूरी बनाएं रखें। अगर कोई इसका उल्लंघन करता है तो सबके लिए खतरा है। इसकी शिकायत व्हाट्सएप नंबर 9334912868 या राज्यस्तरीय टोल फ्री नंबर 181 पर कॉल करें।

कोरोना वायरस से बचें। लॉकडाउन और सामाजिक दूरी के नियम का पालन करें। खाने-पीने की सामग्री या दवा जरूरी हो, तो घर बैठे किसी माध्यम से मंगाएं। बेहद जरूरी होने पर तीन-दिन में एक बार निकलकर आसपास की दुकान से जरूरी वस्तु लें।

जिस व्यक्ति को कोरोना वायरस का खतरा हो, उसे क्वारेंटाइन के लिए हाथ पर स्टांप लगाया जाता है। ऐसा कोई व्यक्ति घर से बाहर पाया जाए, तो इसकी शिकायत व्हाट्सएप नंबर 9334912868 या राज्यस्तरीय टोल फ्री नंबर 181 पर कॉल करें।

हेमन्त सोरेन
मुख्यमंत्री, झारखण्ड

सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, झारखण्ड सरकार

PR- 227783 (IPRD) 20-21

झारखण्ड सरकार
Help us to help you

नोवल कोरोना वायरस (COVID-19)
खुद रहें सुरक्षित,
दूसरों को भी रखें सुरक्षित

संक्रमण कैसे फैलता है




COVID-19 रोकथाम – क्या करना चाहिए?

हाथ की स्वच्छता

क्या करें
1. बार-बार अपने हाथ साबुन और पानी से 40 सेकण्ड तक धोयें, सार्वजनिक स्थानों से लौटने पर, नाक साफ करने के बाद, खांसने या छींकने के बाद विशेष रूप से हाथ धोयें।
2. यदि साबुन और पानी उपलब्ध नहीं है तो हाथ धोने के सेनीटाइज़र (70 प्रतिशत एल्कोहल आधारित) से अपने हाथ के सभी हिस्सों पर तब तक मलते रहें जब तक कि वह सूख न जाये।

क्या न करें
1. बिना धुले हुए हाथों से अपनी आंखें, नाक और मुंह को छूना।
2. ज्यादातर छुई जाने वाली सतहों को छूना जैसे कि दरवाजे का हैण्डल और घंटी, एलीवेटर बटन, रेलिंग, सपोर्ट देने वाले हैण्डल, कुर्सी का पीछे का हिस्सा, ए.टी.एम. की सतहें, मोबाइल, जीप का हैण्डल आदि

अधिक जानकारी के लिए
सभी झारखण्डवासी राज्यस्तरीय टोल फ्री नंबर 181 अथवा 104 पर संपर्क करें या ई-मेल करें idspjharkhand2@gmail.com
स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय भारत सरकार के 24X7 हेल्पलाइन नं. +91-11-2397 8046 पर या राष्ट्रीय टोल फ्री नं० 1075 पर कॉल करें

NATIONAL HEALTH MISSION
स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग, झारखण्ड सरकार
स्वस्थ झारखण्ड सुखी झारखण्ड

PR- 227782 (Health Med Edu and Family Welfare) 20-21

प्रकाशक एवं मुद्रक विनय कुमार शुक्ला द्वारा सम्प्रति प्रकाशन प्रा.लि. के लिए 36 न्यू डेवलपमेंट एरिया,गोलमुरी, जमशेदपुर से प्रकाशित तथा सम्प्रति प्रकाशन प्रा.लि., 36 न्यू डेवलपमेंट एरिया, गोलमुरी, जमशेदपुर से मुद्रित, सिटी कार्यालय 178 पद्मा रोड, सिदगोड़ा थाना रोड,जमशेदपुर. पिन-831003 संस्थापक संपादक स्व.ब्रह्मदेव सिंह शर्मा सम्पादक :जय प्रकाश राय, वर्ष : 24, अंक 92 आर. एन. आई. रजि.नं. JHAHIN/1997/65381 मो:-9470353001, फैक्स नं.-0657-2210246 धनबाद कार्यालय : हिन्दू मिशन रोड, हीरापुर, प्रेस-पो.कल्याणपुर, जी. टी. रोड, बरवा अड्डा-826004. *Email : chamaktaaina@rediffmail.com/aina1947@yahoo.co.in*